दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 7 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर भजनलाल शर्मा का सिरोही में बड़ा धमाका : किसान और महिलाओं के खातों में बरसे 1590 करोड रुपए

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही की पावन धरा पर ग्राम उत्थान शिविर का भी शुभारंभ किया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार भी कार्यक्रम में रहे मौजूद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मन निधि की पांचवी किस्त सहित अन्य योजनाओं के तहत किसान, महिलाओं और श्रमिकों को 1590 करोड रुपए की बड़ी सौगात दी। श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित इस भव्य समारोह में ग्राम उत्थान शिविर का भी मुख्यमंत्री शर्मा ने शुभारंभ किया द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही की धरती से प्रदेश के विकास पथ पर एक नया कीर्तिमान गुरुवार को स्थापित किया। श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के इस मांगलिक अवसर को यादगार बनाते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के अन्नदाताओं मातृशक्ति और श्रमिक वर्ग के लिए खुशियों का पिटारा खोल दिया एक सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किसान सम्मन निधि की पांचवी किस्त और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल 1590 करोड़ रुपए की विशाल राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल जयकारो और उत्साह से गूंज उठा क्योंकि यह सहायता राशि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई संजीवनी प्रदान करने वाली है आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण विकास के एक नए अध्याय की भी घोषणा की उन्होंने 23 जनवरी से प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर शुरू होने वाले ग्राम उत्थान शिविर का एक लघु वीडियो फिल्म के माध्यम से भव्य शुभारंभ किया। यह शिविर शासन को सीधे ग्रामीण चौपाल तक ले जाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माने जा रहे हैं ।मुख्य कार्यक्रम से पूर्व भजनलाल शर्मा ने आयोजन स्थल पर लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया उन्होंने सहकारिता पशुपालन एफपीओ और प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर जाकर कृषि यंत्रों और नवीन उत्पादों की जानकारी ली इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश ने एग्री स्टार्टअप्स और कृषि उद्योगों के नवाचारों की सराहना करते हुए आधुनिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया । कार्यक्रम के समापन के पश्चात मुख्यमंत्री शर्मा ने एक भावुक क्षण में राजस्थान की माटी के लाल और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवंगत राज के पुरोहित को अपने भाव भी नहीं श्रद्धांजलि अर्पित की मुख्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सार्वजनिक जीवन में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया सिरोही में आयोजित या राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक बना बल्कि इसने राज्य सरकार की अंत्योदय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया 1590 करोड रुपए की यह सौगात आगामी समय में प्रदेश के ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में व्यापक खुशहाली और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## ओएमआर शीट का गड़बड़ झाला भी पिछली सरकार का परिणाम है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में 296 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और पेपर लीक की घटना सामने नहीं आई जबकि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे और युवा नौकरी के लिए तरसते रहे पूरे 5 साल तक युवा सड़कों पर रहे और बेरोजगारी झेलते रहे लेकिन पिछले 2 साल में हमने एक तरफ जहां युवाओं को सरकारी क्षेत्र में और निजी क्षेत्र में बड़े स्तर पर नौकरियां दिलवाई है तो दूसरी तरफ एक भी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक की घटना नहीं हुई है यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है इसीलिए प्रदेश का युवा हमारी सरकार को उम्मीद भरी निगाह से देख रहा है उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में करीब 1 लाख सरकारी नौकरी दे दीहै और करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रिया दिन है तथा इस साल जनवरी से लेकर दिसंबर तक 100000 सरकारी नौकरियों का कैलेंडर और जारी कर दिया गया है इस तरह से हमारी सरकार युवाओं के कल्याण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर तरह से सतत रूप से कार्य कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने युवाओं के लिए युवा नीति, युवा स्वरोजगार नीति और रोजगार नीति तैयार की है उन्होंने कहा कि हम राजस्थान के युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निजी क्षेत्र में भी बड़ी-बड़ी कंपनियों के संपर्क में है और युवाओं को स्थानीय स्तर पर विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए हर जिले में रोजगार मेले का भी आयोजन करवा रही है इसीलिए पिछले 2 साल में ही प्रदेश के युवाओं का सरकार के प्रति भरोसा और विश्वास काफी मजबूत हुआ है यही हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि है द्य उन्होंने कहा कि ओएमआर शीट में गड़बड़ झाला भी पिछली गहलोत सरकार के परिणामों की देन है लेकिन हमारी सरकार गड़बड़ी करने वाले एक भी व्यक्ति को छोड़ेगी नहीं चाहे कोई कितना ही बड़ा और चाहे कोई कितना ही प्रभाव वाला व्यक्ति हो जांच एजेंसियां लगातार जांच कर रही है और जांच में शामिल लोगों को लगातार गिरफ्तार कर रही है ।

## 22 जनवरी का दिन कई ऐतिहासिक मामलों को लेकर है महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में ऐतिहासिक घटनाक्रमों और निर्णय को लेकर महत्वपूर्ण है क्योंकि 22 जनवरी को ही अयोध्या में भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था और 22 जनवरी वर्ष 2015 को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान की हरियाणा के पानीपत से शुभारंभ किया था इसलिए यह दिन अपने आप में इतिहास बन गया है और आज सिरोही की धरती पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प जिसमें उन्होंने देश के युवा महिलाओं किसान मजदूर के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता माना है उसको साकार करने के लिए आज सिरोही की पावन धरा पर किसान महिलाओं और पशुपालक के लिए प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपए की सौगात दी है

## प्रदेश से एक-एक घुसपैठियों को भगाया जाएगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए जा रहे सवालों पर आक्रोश जताया और कहा कि राजस्थान में घुसपैठियों की कोई जगह नहीं है और एक एक घुसपैठियों को प्रदेश से बाहर निकाला जाएगा उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने बुधवार को एक और बड़ा निर्णय लिया है जिसमें डर और दहशत के माहौल में रह रहे लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा करने और उनकी संपत्तियों की रक्षा करने के लिए डिस्टर्ब एरिया एक्ट कानून को आगामी विधानसभा सत्र में मंजूर करवाया जाएगा ताकि डर और दहशत के माहौल में जीने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी आए उन्होंने कहा कि यह एक्ट लोगों की सुरक्षा के लिए लाया जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी प्रदेश और देश में हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से लोगों को गुमराह करके उनके वोट हासिल करने का प्रयास करती रही है।

## दुनिया को मर्यादा और आचरण सिखाने का काम भारत का: मोहन भागवत

जयपुर टाइम्स



**डीडवाना(निसं)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत राजस्थान के दौरे पर हैं। डीडवाना में उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर बात करते हुए कहा कि दुनिया को मर्यादा और आचरण सिखाने का काम भारत का है। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया के बाकी हिस्सों को जीवन और समाज से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सच्चाई का ज्ञान नहीं है, जिसे हमारे पूर्वज भली-भांति जानते थे। उन्होंने कहा कि भले ही लोग बाहरी रूप से एक-दूसरे से अलग दिखाई देते हों लेकिन मूल रूप से सभी एक हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हम एक हैं का अर्थ यह है कि हर व्यक्ति हमारा अपना है। जब समाज में यह भावना विकसित होती है तो जीवन में स्वतः ही गरिमा और सम्मान का भाव आ जाता है। धर्म पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संसार में जीवन एक साथ, समानांतर रूप से चलता रहता है और जो तत्व इस जीवन को संचालित करता है, वही धर्म कहलाता है। दुनिया के अन्य हिस्से इस धर्म की अवधारणा को नहीं समझ पाए क्योंकि वे इसके पीछे छिपे सत्य को नहीं जानते। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की यही विशेषता रही है कि हमारे पूर्वजों ने इस सत्य को पहचाना और उसी के आधार पर जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में एकता, समरसता और आपसी अपनत्व की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा कि यही भारतीय परंपरा का मूल संदेश है।

## गणतंत्र दिवस पर आसमान में दिखेगी 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक, वायुसेना दिखाएगी अपनी ताकत

नई दिल्ली /जयपुर टाइम्स

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर इस बार आसमान में कुछ खास नजर आने वाला है। भारतीय वायुसेना के फ्लाईपास्ट में पहली बार 'ऑपरेशन सिंदूर' फॉर्मेशन शामिल किया जाएगा, जो पाकिस्तान के खिलाफ मई 2025 में की गई सटीक सैन्य कार्रवाई की ताकत का प्रतीक है। यह फ्लाईपास्ट सिर्फ शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक क्षमता, तकनीकी बढ़त और तीनों सेनाओं के तालमेल का संदेश भी देगा। इस फ्लाईपास्ट में कुल 29 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे, जिनमें 16 लड़ाकू विमान, 9 हेलिकॉप्टर और 4 परिवहन विमान होंगे। ये सभी विमान देश के छह अलग-अलग एयरबेस से उड़ान भरेंगे। वायुसेना अलग-अलग फॉर्मेशन दिखाएगी, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, ध्वज, प्रहार, गरुड़, अर्जन, वरुण और वज्रांग शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर फॉर्मेशन में 2 राफेल, 2 मिग-29, 2 सुखोई-30 और 1 जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। ये सभी विमान मई 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई का हिस्सा थे। इस फॉर्मेशन में ऑपरेशन सिंदूर का झंडा भी दिखाया जाएगा। इतना ही नहीं फ्लाईपास्ट में ष्ट-130 और C-295 परिवहन विमान, नौसेना का P-8I विमान, एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच), अपाचे हेलिकॉप्टर और लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) भी शामिल होंगे। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए गए।

## देश में भगदड़ की रोकथाम पर अदालत नहीं जारी करेगी व्यापक निर्देश; सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने एक जनहित याचिका निर्देश जारी करने से इनकार निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में धार्मिक आयोजनों, राजनीतिक रैलियों और यात्राओं में भगदड़ के रोकने के लिए निर्देशों की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ता को केंद्रीय गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग के पास इस मामले को ले जाने को कहा। यह याचिका तुम्बलम गूटी वेंकटेश द्वारा दायर की गई थी। इसमें उच्चतम न्यायालय से मांग की गई थी कि केंद्र सरकार को सार्वजनिक समारोह में भीड़ नियंत्रण करने के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने और लागू करने के निर्देश दे। बेंच ने कहा ने कहा आदर्श आचार सहिंता के दौरान देश भर में राजनीतिक रैलियों में एसओपी लागू करने के लिए भी इसी तरह के निर्देश मांगे गए हैं। याचिकाकर्ता ने रियल टाइम अपडेट के साथ राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन सुरक्षा कोड बनाने की भी मांग की है। इससे पहले भी याचिकाकार्ता इस तरह के मुद्दा उठा चुका है। आगे कहा गया कि किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रमों और समारोहों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्यों और केंद्र की होती है। सुनवाई के दौरान, बेंच ने ये भी पूछा कि क्या हम ऐसे निर्देश जारी कर सकते हैं? और भीड़ नियंत्रण के लिए अदालत द्वारा कोई दिशानिर्देश देना उचित है। सवाल का जवाब देते हुए, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले भी नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप किया था जहां कमजोर लोगों की जान जोखिम में थी। उन्होंने एक पिछली जनहित याचिका का हवाला दिया, जहां अदालत ने एसओपी बनाने का निर्देश दिया था। इस परमुख्य न्यायाधीश ने पूछा, 'मान लीजिए कुछ लोग अपने मौलिक अधिकार का इस्तेमाल करना चाहते हैं और दिल्ली में धरना देना चाहते हैं। हम इसे रेगुलेट कर सकते हैं ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो, और साथ ही बोलने की आज़ादी की भी रक्षा हो। लेकिन यह कहना कि रैली चेन्नई में होनी है, मैदान में 10,000 लोग आ सकते हैं ।

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# जयपुर जिले में बसंत पंचमी से होगा ग्राम उत्थान शिविरों का आगाज़

### 12 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी, मौके पर जारी होंगी स्वीकृतियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जयपुर जिले में शुक्रवार से ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ किया जाएगा। प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित होने वाले शिविर 23, 24, 25 व 31 जनवरी तथा 1 एवं 5 से 9 फरवरी तक कुल 10 दिवस आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक गिरदावर वृत पर शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गिरदावर सर्किल की समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आईटी सेवा केन्द्र कालवाड़ (जयपुर), आईटी केन्द्र लाखना (सांगानेर), ग्राम पंचायत भवन अचरोल (आमेर), पंचायत भवन जाहोता (रामपुरा डाबड़ी), पंचायत मुख्यालय फाल्यावास (बस्सी), ग्राम पंचायत कौथून एवं कोटखावदा (चाकसू), पंचायत भवन माधोराजपुरा, पंचायत कार्यालय जैतपुरा (चौमूं), अटल सेवा केन्द्र राडावास (शाहपुरा), अटल सेवा केन्द्र काचरोदा (सांभर लेक), पंचायत समिति जमवारामगढ़ एवं ग्राम पंचायत भवन आंधी, पंचायत भवन मुण्यिागढ़ (किशनगढ़ रेनवाल), अटल सेवा केन्द्र पडासौली (दूदू), पंचायत भवन गिदानी (मौजमाबाद), पंचायत भवन लदाना (फागी) तथा पंचायत कार्यालय बबरेवालों की ढ़ाणी (जोबनेर) में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित होंगे।

### 24 जनवरी को इन स्थानों पर होंगे शिविर

24 जनवरी को सांगानेर के पंचायत भवन महापुरा में, आमेर में ग्राम पंचायत भवन कूकस में, रामपुरा डाबड़ी के पंचायत भवन राधाकिशनपुरा में, बस्सी के पंचायत भवन पाटन में, चाकसू की ग्राम पंचायत तामड़िया एवं गरुड़वासी में, माधोराजपुरा के पंचायत भवन हरसूलिया में, चौमूं के पंचायत कार्यालय किशनपुरा में, शाहपुरा के अटल सेवा केन्द्र अमरसर में, सांभर लेक के अटल सेवा केन्द्र काजीपुरा में, जमवारामगढ़ में पटवार कार्यालय नायला एवं ग्राम पंचायत भवन रायसर में, किशनगढ़ रेनवाल के पंचायत भवन भैंसलाना में, दूदू के अटल सेवा केन्द्र गैजी में, मौजमाबाद के पंचायत भवन गंगाती कलां में, फागी के पंचायत भवन मंडोर में तथा जोबनेर के पंचायत कार्यालय आसलपुर में ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन होगा।

## 25 जनवरी को इन स्थानों पर होंगे शिविर

25 जनवरी 2026 को सांगानेर के आईटी केन्द्र ठिकरिया में, बस्सी के पंचायत मुख्यालय लालगढ़ में, चाकसू की ग्राम पंचायत काठावाला एवं रूपाहेड़ी कलां में, चौमूं के पंचायत कार्यालय निन्दौला में, सांभर लेक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडोटी में, जमवारामगढ़ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूज एवं ग्राम पंचायत भवन भावनी में, किशनगढ़ रेनवाल के पंचायत भवन पचकौड़िया में, फागी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निमेड़ा में तथा जोबनेर के पंचायत कार्यालय खेजड़ावास में ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से ग्राम-2026 की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आयोजित इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता रहेगी। शिविरों के माध्यम से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप एवं पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने सहित बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन किया जाएगा। कृषि विपणन विभाग की ओर से पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा किसान विश्राम स्थल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। सहकारिता विभाग द्वारा 23 जनवरी को मुख्यमंत्री किसान निधि का डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन, एनसीओएल एवं एनसीईएल सदस्यता, नवीन गोदाम निर्माण, सहकारी बैंक खाते, स्वयं सहायता समूहों के ऋण, 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना एवं कस्टम हायरिंग सेंटर से संबंधित कार्य किए जाएंगे। पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत पंजीकरण, पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु आहार एवं खनिज मिश्रण वितरण तथा गौशाला विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। डेयरी (आरसीडीएफ) विभाग की ओर से पीडीसीएस/डीसीएस पंजीयन, नवीन सदस्यता, सरस बूथ एवं मार्ट आवंटन तथा सहकारी ऋण से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मत्स्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार एवं फार्म पॉण्ड में मछली पालन की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गृह प्रवेश एवं चाबी सुपुर्दगी, वीबी-ग्राम-जी अभियान तथा दीनदयाल उपाध्याय योजना के सर्वे कार्य पूर्ण किए जाएंगे। पंचायती राज विभाग की ओर से 22 जनवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन, स्वामित्व कार्ड वितरण व अनुपयोगी विद्यालय भवनों में नवीन ग्राम पंचायत कार्यालय प्रारम्भ किए जाएंगे। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एसडीआरएफ की शेष अनुदान राशि का डीबीटी, उद्योग विभाग की ओर से युवा स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन तथा जल संसाधन विभाग की ओर से डब्ल्यूयूए को सक्रिय करने, वंदे गंगा संरक्षण अभियान व नहरों की मरम्मत आवश्यकताओं का चिन्हीकरण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग की ओर से पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत पंजीकरण किए जाएंगे।

## जलालपुर में 5 लाख की सीवरेज पाइप लाइन का शुभारंभ

### ग्रामीण स्वच्छता हमारी प्राथमिकता- यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में पंचायत समिति बहरोड़ द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पंचायत समिति बहरोड़ के प्रधान कोटे से ग्राम जलालपुर में 5 लाख की लागत से स्वीकृत सीवरेज पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति बहरोड़ के प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट ने फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य उनकी प्राथमिकता है। सीवरेज पाइप लाइन के निर्माण से गांव में गंदगी, जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामफल गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य सरजीत गुर्जर, मानसिंह गुर्जर, गुलाब शर्मा, बद्री गुर्जर, सोताज सरपंच, रोहतास पार्षद, सुनील यादव, रोहतास गुर्जर सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा गुड़ वितरण कर खुशी का इजहार किया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नई जिला कार्यकारिणी के लिए आवेदन आमंत्रित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की जिला कार्यकारिणी भंग होने के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एमडी शाहुन खान ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर नई जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अलवर जिले में 41 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण प्रक्रिया 7 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी। एमडी शाहुन खान ने बताया कि प्रस्तावित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल रहेंगे। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था रखने वाला कोई भी कार्यकर्ता अपना बायोडाटा प्रस्तुत कर आवेदन कर सकता है। प्राप्त आवेदनों पर संगठन स्तर पर रायशुमारी की जाएगी, जिसके बाद अंतिम रूप से कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। शाहुन खान ने स्पष्ट किया कि जिन पदाधिकारियों का कार्य प्रदर्शन सराहनीय रहेगा और जो निकाय चुनाव में दावेदारी प्रस्तुत करेंगे, उनके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पैरवी भी की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह संपूर्ण संगठनात्मक प्रक्रिया अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौपदार तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि योग्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।


## मुख्यमंत्री ने जिले के 65,263 किसानों को दी बड़ी सौगात, 6.52 करोड़ रुपये की किसान सम्मान निधि पांचवीं किस्त खातों में हस्तांतरित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों के कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त जारी की। गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री ने खैरथल-तिजारा जिले के 65,263 किसानों के खातों में 6 करोड़ 52 लाख 6 हजार रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की। इस अवसर पर जिला सचिवालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में किसानों के साथ कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और मुख्यमंत्री शर्मा के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला महामंत्री पवन यादव सहित किसान एवं आमजन उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने किसान हितैषी इस योजना के लिए मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## बहाला पशु चिकित्सालय को क्रमोन्नत किए जाने की मांग



**अलवर(निसं.)।** नजदीक के बहाला गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक सुखवंत सिंह से भेंट कर गावं में स्थित पशु चिकित्सालय को क्रमोन्नत किए जाने की मांग की है। विधायक को सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह चिकित्सालय पिछले 35 वर्षों से कार्यरत है और बड़ी संख्या में आसपास के गावों के पशु पालक अपने मवेशियों का इलाज करने के लिए आते हैं। चिकित्सालय में गंभीर बीमारियों का इलाज न होने के कारण पशुपालकों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में बढ़ती पशुधन संख्या क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों तथा पशुपालकों की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं उपचार सुविधा एवं पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन के लिए इस चिकित्सालय को क्रमोन्नत किया जाना जरूरी है। ज्ञापन में बताया गया है कि रामगढ़ क्षेत्र में वर्तमान मैं कोई भी राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय उपलब्ध नहीं है ऐसी स्थिति में क्षेत्र के सबसे पुराने एवं पशुधन बहुल क्षेत्र में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय बहाला को राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत किया जाए।

# जिला कलक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

### जिले की 174 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

### स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कर आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर चिकित्सा विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य (मां) योजना के अंतर्गत पैकेज की प्रगति की समीक्षा कर पैकेज बुकिंग में वृद्धि कर करोड रूपये से अधिक के पैकेज बुक कराने का लक्ष्य दिया। उन्होंने बीसीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थानों में दवा आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए मरीजों को चिकित्सालय में की दवाएं लिखी जाए, बाहर की दवा नहीं लिखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु सतर्क रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि झोलाछाप चिकित्सकों, बिना चिकित्सक के संचालित अवैध लैब एवं बायो मेडिकल वेस्ट खुले में डालने वाले मेडिकल के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में वैक्सीनेशन की प्रगति 90' है, इस कार्य को गति प्रदान करते हुए इसे शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 174 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी है। इस कार्य को समयबद्ध पूरा करते हुए शत-प्रतिशत गांवों को टीबी मुक्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि 70 वर्ष से अधिक के आयु व्यक्तियों को विशेष प्राथमिकता में रखते हुए आयुष्मान कार्ड वितरण करें।
उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करते हुए पोर्टल की उच्च स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने लक्ष्मणगढ सीएचसी भवन की मरम्मत कार्य व सीएसआर, मेवात विकास, डीएमएफटी फण्ड से अन्य भवनों व कक्षों की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजगढ सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सक होने पर भी सिजेरियन प्रसव की प्रगति कम होने पर तीन चिकित्सकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ को कि जिले में मिलावटखोरी पर लगाम लगाने हेतु संचालित शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के निरन्तर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।
बैठक में सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजु शर्मा, सहित समस्त बीसीएमएचओ एवं सीएचसी प्रभारी चिकित्सक उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने रामगढ में किया विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु सहायता शिविर का निरीक्षण

### पात्र लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जोडने, मूलभूत कार्यों को मौके पर ही सम्पादित करने के दिए दिशा-निर्देश




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रामगढ में घुमन्तु समुदाय को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का निरीक्षण कर पात्रा लाभार्थियों को दस्तावेज सौंपे। जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु के सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही मौके पर ही मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आदि कार्य पूर्ण कर राहत प्रदान करें। उन्होंने सभी विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी आवेदक को अनावश्यक परेशानी न हो। शिविर के दौरान सांखला गांव की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर जिला कलक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। रामगढ़ कस्बे में बंदरों की बढ़ती समस्या पर एसडीएम को निर्देश दिए कि नगरपालिका के माध्यम से बंदरों को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने मौके पर मौजूद लाभार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिविर में जिन लोगों के पास आधार कार्ड नहीं हैं, उनके लिए आधार पंजीकरण की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, जन आधार सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर ही बनाए जा रहे हैं, जिससे विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय सहित अन्य वर्गों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम बाबूलाल वर्मा, तहसीलदार अंकित गुप्ता, विकास अधिकारी विजय भाल, चिकित्सा प्रभारी डॉ. बाबूलाल यादव सहित विभागीय अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव श्रध्दा व भक्ति के साथ मनाया

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)।** अयोध्या राम जन्मभूमि स्थित श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वार्षिक महोत्सव गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को महंत जी की हवेली, ठिकाना गंगा बाग, राजगढ़ में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ दोपहर 2 बजे प्रभु श्रीराम के श्रृंगार एवं भव्य झांकी सजाकर किया गया। इसके पश्चात पंडित ओमप्रकाश अलोरिया एवं राजू भैया द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद भजन गायक संजय राजस्थानी एवं जगमोहन पाराशर सहित अन्य राम भक्तों द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। प्रभु श्रीराम की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन का सफल संचालन एवं प्रमुख जिम्मेदारी राम भक्त वीरेंद्र दाधीच द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर संत नरेंद्र दास महाराज, बन्ना राम मीणा, पूर्व चेयरमैन प्रभु दयाल शर्मा, विनोद मिश्रा, हरिराम गोठ, प्रेमनाथ धामाणी, चेतन जैफ, बृजेश शर्मा, एडवोकेट शेखर वशिष्ट, अवधेश साहू, बाबूलाल शर्मा, भगवान बिरवाल, पवन नरूका, सतीश शर्मा, रजनीकांत पटेल, मुकेश जोशी, संस्कार सैन, सीताराम सैन, डॉ. नीरज शर्मा, सीता जोशी शर्मा, शारदा दाधीच, मीना विजय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एसबीआई ने अलवर में ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के क्षेत्रीय कार्यालय अलवर द्वारा ग्राहकों को बैंकिंग सुरक्षा और साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महल चौक स्थित टाउन हॉल में एक विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई अधिकारियों ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी जैसे एटीएम पिन, ओटीपी, नेट बैंकिंग यूज़र आईडी व पासवर्ड किसी भी व्यक्ति से साझा न करें। साथ ही अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, लिंक या संदेशों पर क्लिक न करने की अपील की गई। एसबीआई द्वारा बताया गया कि बैंक समय-समय पर ग्राहकों को जागरूक करने के लिए वित्तीय साक्षरता, साइबर सुरक्षा एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाओं से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों को सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, डिजिटल बैंकिंग के सही उपयोग और धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी जाती है। टाउन हॉल मीटिंग में सहायक महाप्रबंधक अविनाश अवस्थी ने कहा कि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे में ग्राहकों की सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। मुख्य प्रबंधक आशुतोष सिन्हा ने डिजिटल बैंकिंग के लाभों के साथ उसकी सुरक्षा पर भी जोर दिया। वहीं ओमपाल सिंह चौहान, प्रबंधक अरविन्द सिद्ध, विक्रम सिंह उपप्रबंधक गोविन्द गर्ग एवं दक्ष सक्सेना ने भी अपने विचार रखते हुए ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस के साइबर विभाग से जुड़े उमेश खत्री ने साइबर फ्रॉड के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत बैंक या संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर दें। अंत में एसबीआई अधिकारियों ने ग्राहकों से अपील की कि वे बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, नियमित रूप से अपने खाते की निगरानी करें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर तुरंत बैंक से संपर्क करें। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से ग्राहकों में बैंकिंग सुरक्षा को लेकर विश्वास और समझ दोनों मजबूत हो रही है। बैठक में पूर्व पार्षद गौरी शंकर विजय, नारायण साईवाल, संजय शुक्ला, दीनबंधु शर्मा, प्रकाश गुप्ता, एडवोकेट अजित सिंह सोनी सहित बड़ी संख्या में बैंक ग्राहक एवं आमजन उपस्थित रहे।

## शहीद भगतसिंह पर 01 फरवरी को होगी स्कूली विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहीद भगतसिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में 01 फरवरी, रविवार को बी.एल. पब्लिक स्कूल, मिल्ट्री अस्पताल के पीछे, नयाबास, अलवर में शहीद भगतसिंह विषयक निबंध, चित्रकला, भाषण तथा देशभक्तिपूर्ण गीत व कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन वर्गों में किया जा रहा है। इन चारों प्रतियोगिताओं में से संभागी अधिकतम दो में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता संयोजक पुरूषोत्तम मिश्रा एवं सचिव डॉ. सुमन बिल्खा ने बताया कि निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे तथा भाषण एवं देशभक्ति गीत व कविता पाठ प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे आरम्भ होगी। सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क एवं एकल होंगी। निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता हेतु समयावधि एक घंटा रहेगी जबकि भाषण एवं गीत-कविता प्रतियोगिता हेतु अधिकतम पांच मिनट का समय देय होगा। वाद्य यंत्र की अनुमति नहीं होगी। प्रतियोगिता का विषय "शहीद भगतसिंह और आजादी का आन्दोलन" रखा गया है। संभागियों को कागज व ड्राईंग शीट आयोजन समिति की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि पैड, पैन, पेंसिल, रंग आदि सामग्री उन्हें स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता तीन वर्गों में कक्षा पांच एवं छह (सब जूनियर) कक्षा सात एव आठ (जूनियर) तथा कक्षा नौ से बारह (सीनियर) के छात्र-छात्राओं हेतु विभाजित की गयी है। प्रतियोगिता आयोजन समिति में रविकान्त शर्मा, सुनील बिल्खा, मंजू शर्मा, भारत जोशी, डॉ. दीपक चंदवानी, मुकेश तिवाड़ी, जे.ड़ी राणा, डॉ. विपुल भावलिया, दीपक पंडित, कंचन कौशिक, अनुमेहा भार्गव एवं मोहित पंडित को सह संयोजक बनाया गया है। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में शिक्षाविद, लेखक, पत्रकार, कवि, रंगकर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा। इन चारों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 23 मार्च 2026 को सांय 04:30 बजे बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर जिलेवासियों को मिली विभिन्न सौगातें

### कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सौंपे प्रतीकात्मक चैक





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की सौगातें दी, इसके जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों, महिलाओं एवं श्रमिक भाइयों को 1590 करोड रुपए के उपहार एवं ग्राम उत्थान शिवरों का शुभारंभ किया। सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 65 लाख किसानों को 653 करोड़ रुपए का हस्तांतरण एवं ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) के तहत 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में 30 लाख लाभार्थियों को 75 करोड रुपए का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 4 लाख दुग्ध उत्पादकों को 50 करोड रुपए, 1 लाख निर्माण श्रमिकों 100 करोड रुपए, 7 हजार किसानों को कृषि उपकरण पर 39 करोड रुपए का अनुदान, 2 हजार किसानों को बैलों से खेती पर 6 करोड रुपए का अनुदान, भावांतर के तहत 10 हजार किसानों को 240 करोड रुपए, 5 लाख किसानों को फसल खराबे पर 327.38 करोड रुपए का मुआवजा दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 हजार लाभार्थियों को 100 करोड रुपए का हस्तांतरण किया गया।

### विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सौंपे प्रतीकात्मक चैक

अतिथियों ने भूमि विकास बैंक की ओर से मुण्डावर तहसील के ग्राम शामदा निवासी मुकेश चन्द गुर्जर को डेयरी हेतु 96 हजार, किशनगढबास तहसील के ग्राम खोहरा पीपली निवासी शोकत को 54 हजार के ऋण राशि के चेक प्रदान किए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में माह दिसम्बर 2025 अंतर्गत लोधाडी महिला समिति के पशुपालक राजसिंह को 5 हजार 885 रूपये, पृथ्वीपुरा समिति के पशुपालक कैलाश चन्द सैन को 6 हजार रूपये एवं तलवाना की ढाणी समिति के पशुपालक अशोक कुमार यादव को 8 हजार 415 रूपये के चेक सौंपे। वहीं कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत लोहरवाडी गांव निवासी जौहरदीन को फार्म पौण्ड हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये एवं देसूला निवासी सुरेश चन्द को तारबंदी योजना के तहत 23 हजार रूपये की राशि के प्रतीकात्मक चैक सौंपे। मंच संचालन शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस डेयरी के चैयरमेन नितिन सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार गुलाबचंद मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा, अलवर केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी के एन शर्मा सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जेल की छत से कूद कर भागे कैदी को पुलिस ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के करौली जिले में हिंडौन सिटी में स्थित जेल में बंद कैदी जेल की छत से कूद कर भाग गया लेकिन करौली जिला पुलिस की टीम ने जेल से भेज के दी शकील खान को पकड़ लिया जानकारी के अनुसार शकील खान जुआ सट्टा का आरोपी है और गत 20 जनवरी से यहां जेल में बंद था जो मौका देखकर जेल की छत पर पहुंच गया और फिर छत से कूद कर भाग गया इसके बाद जेल प्रशासन की ओर से करौली जिला पुलिस को सूचित किया गया करौली जिला पुलिस की ओर से पूरे जिले और आसपास के जिले में फरार कैदी के बारे में जानकारी दी गई और हिंडौन सिटी से जुड़े सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों पर पुलिस की नाकाबंदी शुरू की गई इसके अलावा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और अन्य जगहों पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ा से जुड़े सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों पर पुलिस की नाकाबंदी शुरू की गई इसके अलावा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और अन्य जगहों पर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया तथा आसपास के सुनसान इलाके में भी पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन करके फरार कैदी को पकड़ने का प्रयास किया पुलिस के तत्परता से शकील खान जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में आ गया पूरे मामले को जेल प्रशासन के बड़े अधिकारी भी काफी गंभीरता से ले रहे हैं और जेल प्रशासन की ओर से अपने स्तर पर भी इस बात की जांच पड़ताल की जा रही है कि शकील खान को जेल से भागने में कहीं जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सुरक्षा कर्मचारियों का तो हाथ नहीं है इस बात की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है क्योंकि जिसहिम्मत और साहस केसाथ आरोपी शकील खान जेल की छत पर पहुंच फिर छत से खुद इस दौरान वहां सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी क्या कर रहे थे यह एक बड़ा सवाल है इसलिए जेल प्रशासन खुद अपने स्तर पर इस पूरे मामले की तहकीकात कर रहा है

# उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मियों ने मानव सेवा हेतु खाद्य सामग्री भेजी, खाद्य सामग्री की गाडी रवाना




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मचारीगण, घर से निष्कासित, निशक्तजन तथा शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिये कार्य कर रही संस्थाओं के लिये खाद्य सामग्री भेजते रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को खाद्य सामग्री से भरी हुई गाडी को मुख्यालय से रवाना किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा मानव कल्याण एवं सेवा के उद्देश्य से एक संस्था "पल्लव-एक उम्मीद" के तत्वाधान में खाद्य सामग्री से भरी हुई गाडी को प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे के अमिताभ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। "पल्लव-एक उम्मीद" उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा मानव कल्याण एवं सेवा के उद्देश्य से बनाई गई एक संस्था है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्यों में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। "पल्लव-एक उम्मीद" संस्थान के तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों के सहयोग से लगभग 3 लाख रुपयों की खाद्य सामग्री को अपना घर आश्रम, बस्सी जयपुर, नेत्रहीन संस्थान, जयपुर, पतित पावन सेवा समिति जयपुर तथा नया सवेरा जयपुर संस्थानों को भेजे गए। खाद्य सामग्री में 03 टन चावल, 100 किग्रा आटा, 500 किग्रा दाल, 500 किग्रा चीनी, 150 किग्रा पोहा, 100 किग्रा तेल, 40 किग्रा मसाले एवं 10 किग्रा चाय शामिल किये गये। इस अवसर पर महाप्रबन्धक, अमिताभ के साथ प्रमुख वित्त सलाहकार गीतिका पाण्डेय, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, मान्यताप्राप्त संगठनों के प्रतिनिधिगण एवं मुख्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर राधेगोविंद नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में आज होगा विशाल पाटोत्सव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सीकर रोड स्थित न्यू लोहा मंडी रोड के राधेगोविंद नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में आज विशाल पाटोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भजन-संध्या और प्रसादी वितरण के माध्यम से श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव के तहत मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा और फूल बंगला की भव्य झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय भजन प्रवाहक संतोष व्यास द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी। भजनों के माध्यम से मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बनेगा और श्रद्धालु आध्यात्मिक अनुभूति का लाभ ले सकेंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर सांसद मंजू शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। आयोजन समिति के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन व्यवस्था, भजन कार्यक्रम स्थल और प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आवश्यक प्रबंध पूरे किए गए हैं। कार्यक्रम के समापन पर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। पाटोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष रामपाल सिंह जादोन ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर दिनभर मंदिर में पूजा-अर्चना, विशेष अनुष्ठान और धार्मिक गतिविधियां आयोजित होंगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# राज्य सरकार ने 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदले, बड़े प्रशासनिक फेर बदल के आदेश जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राज्य सरकार ने एक साथ सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदल दिए हैं प्रशासनिक सुधार विभाग ने गुरुवार को नए सिरे से प्रभारी सचिवों की नियुक्ति के आदेश जारी किया इससे पहले 28 फरवरी 2024 को प्रभारी सचिवों में बदलाव किया गया था इसके बाद यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जिलों के प्रभारी सचिव बदले गए हैं इस फेरबदल में दो एपीओ चल रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें पीसी किशन को प्रदेश के दौसा जिले और खजान सिंह को सलूंबर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है संभागीय आयुक्तों को भी जिलों के प्रभारी सचिव का दायित्व दिया गया है वहीं स्वास्थ्य विभाग की



नीरज के पवन | गायत्री ए राठौड़ | टी रविकांत

प्रमुख सचिव गायत्री राठौर को जयपुर और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह को जोधपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है खनन विभाग के प्रमुख सचिव टी रविकांत को उदयपुर, खेल एवं युवा मामलों के सचिव नीरज के पवन को अजमेर, सहकारिता रजिस्टर आनंदी को भरतपुर और नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव देवाशीष को बीकानेर का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश के अनुसार स्वायत शासन विभाग के सचिव रवि जैन को अलवर, स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस एजेंसी के सीईओ हरजीलाल को बालोतरा इसके अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आरुषि अजय मलिक को बांसवाड़ा, हरिमोहन मीणा को बारा, रोहित गुप्ता को बाड़मेर, हिमांशु गुप्ता को ब्यावर, आनंदी को भरतपुर, मंजू राजपाल को भीलवाड़ा, देवाशीष पृष्ठ को बीकानेर, रूकमणि रियार को बूंदी, सरवन कुमार को चित्तौड़गढ़, कृष्ण कुणाल को चुरु, नलिन कठौतिया को डीग, ओमप्रकाश कसेरा को धौलपुर, सुमित शर्मा को डीडवाना कुचामन, नेहा गिरी को डूंगरपुर, दो जोगाराम हनुमानगढ़, महावीर प्रसाद मीणा को जैसलमेर, अंबरीश कुमार कोजालौर, अनिल कुमार अग्रवाल को झालावाड़, नवीन जैन को झुंझुनू, सूचित त्यागी को करौली, पूनम को खैरतल तिजारा, डॉ रवि कुमार सुरपुर को कोटा, अनुपमा जोरवाल को कोटपूतली बहरोड, शक्ति सिंह राठौड़ को नागौर, पी रमेश को पाली, कुमारी प्रज्ञा केवल रामानी को प्रतापगढ़, कन्हैयालाल स्वामी को राजसमंद, शिवांगी को सवाई माधोपुर, सुबीर कुमार को सीकर, डॉ प्रतिभा सिंह को सिरोही, विश्राम मीणा को श्रीगंगानगर, विश्व मोहन शर्मा को टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया है

# अशांत क्षेत्र विधेयक लाकर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालना चाहती है: टीकाराम जूली

## राजस्थान को 'गुजरात मॉडल' की प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में 'डिस्टर्ब एरियाज बिल 2026' (अशांत क्षेत्र विधेयक) के प्रारूप को मंजूरी दिए जाने को प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने और गौरवशाली इतिहास पर सीधा हमला बताया है। जूली ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह विधेयक भाजपा की फूट डालो और राज करो की कुत्सित मानसिकता का प्रमाण है। जूली ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि राजस्थान वह वीर भूमि है जहाँ महाराणा प्रताप की सेना के हरावल दस्ते (अग्रिम पंक्ति) का नेतृत्व एक मुस्लिम सेनापति हाकिम खां सूरी ने किया था। हल्दीघाटी के युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए दोनों ने कंधे से कंधा मिलाकर खून बहाया था। यह मिट्टी उस साझे बलिदान और वफादारी की गवाह है, न कि सांप्रदायिक भेदभाव की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यहाँ की इस गंगा-जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक विरासत को समझे बिना, जबरन गुजरात मॉडल थोपकर प्रदेश में नफरत का जहर घोलना चाहती है। सरकार केवल अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए शांत प्रदेश को अशांति की आग में झोंकने का षड्यंत्र रच रही है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दो साल के कार्यकाल में भजनलाल सरकार हर मोर्चे पर विफल रही



है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, किसान परेशान हैं और कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। अपनी इन नाकामियों और जनता के आक्रोश से बचने के लिए सरकार जानबूझकर ऐसे विवादास्पद और विभाजनकारी मुद्दे उछाल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र एजेंडा ध्रुवीकरण की बैसाखी पर सत्ता में बने रहना है, क्योंकि विकास के नाम पर उनका रिपोर्ट कार्ड 'शून्य' है। जूली ने कहा हम सभी जननेता राहुल गांधी जी के सिपाही हैं, जिन्होंने देश को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली और नफरत के बाजार में मोहब्बत का सन्देश दिया। हम भाजपा को राजस्थान में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा नही करने देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा सत्र में इस 'संविधान विरोधी और समाज विरोधी' विधेयक का पुरजोर विरोध करेगी। हम सदन के भीतर सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे और सड़क पर उतरकर जनता को भाजपा के इस विभाजनकारी चेहरे से अवगत कराएंगे। राजस्थान के साझा गौरव और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी किसी भी हद तक जाकर संघर्ष करेगी।

# महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद के नाम से सोशल मीडिया पर ठगी करने का प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद के नाम से सोशल मीडिया पर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है इस संदर्भ में खुद राजेंद्र प्रसाद अपने परिचित लोगों को मैसेज करके उन्हें किसी भी तरह की सूचना को इग्नोर करने की बात कह रहे हैं जानकारी के अनुसार ठगी करने वाले लोगों ने व्हाट्सएप पर महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद की फोटो लगाकर पैसों की डिमांड कर रहे हैं जैसे ही इसकी सूचना राजेंद्र प्रसाद को मिली उन्होंने तुरंत अपनी जान पहचान के लोगों मित्रों रिश्तेदारों इत्यादि सभी से अज्ञात लोगों के बहकावे में आकर पैसे ट्रांसफर नहीं करने को कहा है घ्इस मामले में महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने जयपुर पुलिस को अवगत करवाया है जयपुर पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाश राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद की फोटो व्हाट्सएप पर लगाकर राजेंद्र प्रसाद के जान पहचान के लोगों रिश्तेदारों इत्यादि से पैसे मांगने का प्रयास कर रही थी लेकिन जैसे ही बदमाशों की इस करतूत की जानकारी राजेंद्र प्रसाद को मिली उन्होंने तुरंत अपनी जान पहचान के लोगों को बदमाशों के



बहकावे में आकर उनके कहीं अनुसार पैसे ट्रांसफर नहीं करने की अपील की जानकार लोगों का कहना है कि चतुर और शातिर अपराधी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से ठगी करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसमें एक तरीका यह भी है कि चतुर दिमाग के अपराधी व्हाट्सएप नंबर हैक कर लेते हैं और फिर इस नंबर से व्हाट्सएप से जुड़े लोगों को किसी भी तरह की अर्जेंट आवश्यकता बात कर पैसों की डिमांड कर लेते हैं कई बार लोग यह समझ लेते हैं कि उनका परिचित व्यक्ति वास्तव में मुसीबत में है और वह उस शातिर अपराधी के कहे अनुसार पैसे भी ट्रांसफर कर देता है कुछ इसी तरह की घटना राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद के साथ हुई

# जयपुर में केनरा बैंक के एटीएम को लूटने का प्रयास, बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के सदर थाना इलाके में केनरा बैंक की एटीएम पर अज्ञात बदमाश ने एटीएम लूटने का प्रयास किया लेकिन वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया जिसकी वजह से एटीएम में रखे लाखों रुपए सुरक्षित बच गए हालांकि बैंक की मैनेजर की ओर से इस संदर्भ में सदर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया गया है पुलिस अब सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अज्ञात बदमाश को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार सदर थाना इलाके में केनरा बैंक का एटीएम है जिसमें एक अज्ञात युवक एटीएम की केबिन में घुसता हुआ सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा है केबिन में युवक एटीएम के साथ छेड़छाड़ करता हुआ भी कमरे में कैद हुआ है इसके अलावा युवक ने एटीएम का शटर तोड़ने का प्रयास किया काफी देर तक वह एटीएम को तोड़ने के प्रयास में अलग-अलग तरीके से कोशिश करता रहा लेकिन कामयाब नहीं हुआ यह सारा दृश्य वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया इस घटना की जानकारी अगले दिन बैंक प्रशासन को मिली तो प्रबंधक ने सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड को चेक किया जिसमें एक युवक की ओर से एटीएम तोड़ने का प्रयास किया जाना साफ दिखाई दे रहा था इसके बाद बैंक प्रशासन की ओर से पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है पुलिस अब सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए युवक को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार इस बैंक के एटीएम में चौकीदार नियुक्त नहीं था एटीएम की सुरक्षा सिर्फ वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ही की जा रही थी इसलिए मौका देखकर अज्ञात युवक एटीएम की केबिन में घुस गया और फिर उसने एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया उल्लेखनीय है की राजधानी जयपुर में कई एटीएम ऐसे हैं जहां पर सुरक्षा प्रहरी तैनात नहीं है सिर्फ सीसीटीवी कैमरे के आधार पर ही एटीएम की सुरक्षा की जा रही है हालांकि पुलिस अब से नहीं बल्कि कई सालों से लगातार बैंक प्रशासन को बार-बार निर्देशित करती रहती हैं कि वह एटीएम की सुरक्षा के लिए मजबूत प्रबंध करें और बाकायदा गार्ड की भी नियुक्ति करें लेकिन अधिकांश बैंकों के एटीएम पर गार्ड नियुक्त है ही नहीं सिर्फ सीसीटीवी कैमरे के आधार पर ही एटीएम की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है इसीलिए बदमाशों को एटीएम लूटने में आसानी रहती है

# हमारी सरकार का कोई मंत्री गलत काम नहीं कर रहा, डोटासरा के कई रिश्तेदार आर. ए. एस. बन गए : डॉक्टर किरोड़ी मीणा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा ने गुरुवार को प्रदेश के दोसा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछली गहलोत सरकार के दौरान प्रोटोकॉल तोड़कर वे खुद एस ओ जी के दफ्तर गए थे और वहां उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा से जुड़ी 12 ओएमआर शीट जांच पड़ताल के लिए देकर आए थे लेकिन तत्कालीन सरकार ने उनकी ओर से दी गई ओएमआर शीट की जांच पड़ताल नहीं की। अब हमारी पार्टी की सरकार बन गई है तो जांच पड़ताल करनी चाहिए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का कोई भी मंत्री गलत कार्य नहीं कर रहा है। डोटासरा को कोई भी बयान देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा में उनके कई परिजनों और रिश्तेदारों का सिलेक्शन हुआ है इसलिए जांच अगर उन तक पहुंचेगी तो फिर उनके लिए भी जेल जाने के रास्ते बन सकते हैं। डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में सभी परीक्षाएं ईमानदारी से संपादित हो रही है एक भी परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक जैसी शिकायत सामने नहीं आई है यह हमारी सरकार की ईमानदारी का परिचय है जबकि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक होते रहे जिसकी वजह से प्रदेश के युवा काफी परेशान रहे युवाओं की नौकरी नहीं लगी और युवाओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ और वह खुद पूरे 5 साल तक युवाओं को लेकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए कभी पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटते रहे तो कभी मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास करते रहे लेकिन सरकार ने पेपर लीक करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की क्योंकि सरकार में बैठे लोग ही पेपर लीक में शामिल थे फिर सरकार क्यों जांच करवाती लेकिन हमारी सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच में कई बड़े-बड़े लोगों को गिरफ्तार किया है और जांच अब भी जारी है ।



# हिन्दू सम्मेलन: कलश यात्रा व रैलियों में गूंजे देशभक्ति और रामभक्ति के तराने

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हिन्दू सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर गांव-गांव में कलश यात्राएं, भगवा ध्वज रैलियां, शोभायात्राएं तथा भव्य धार्मिक आयोजन हुए, जिनमें देशभक्ति और रामभक्ति के तराने गूंजते रहे। ग्राम पोयणा में ग्रामीणों ने गुरुवार को पूरे गांव में रैली निकालकर हिन्दू सम्मेलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही श्रीराम की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'एक शाम राम जी के नाम' भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। पूरी रात ग्रामीण रामभक्ति में लीन रहे। युवाओं ने 'आज मेरे राम घर आएंगे' सहित अनेक भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। किसी ने नृत्य के माध्यम से तो किसी ने भजनों के जरिए प्रभु श्रीराम को नमन किया। हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव के युवाओं ने घर-घर जाकर चंदा एकत्र किया और आयोजन को यादगार बनाने में जुटे रहे। इसी क्रम में हनुमान चौक पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ, जहां शोभायात्रा व रैली निकालकर हिन्दुत्व का संदेश दिया गया। गांव के युवाओं ने हिन्दू सम्मेलन एवं श्रीराम जयघोष के नारे लगाए, जिससे पूरे गांव में धार्मिक उत्साह छा गया। ग्रामीणों में आगामी 27 जनवरी को केदारेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर खासा उत्साह है।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला चार दिन तक अपने क्षेत्र के दौरे पर, कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला चार दिन तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में दौरे पर रहेंगे इस दौरान ओम बिरला कई कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दिखाएंगे तथा लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान भी कराएंगे इसी क्रम में गुरुवार को ओम बिरला ने कोटा में अपने कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए इस जनसुनवाई



कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंची तो नर्सिंग संविदा कर्मी भी अपनी समस्याओं को लेकर यहां आए बिरला ने सभी पीड़ित लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया जानकारी के अनुसार गुरुवार को कोटा के कैंप कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित दिखाई इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने ओम बिरला के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की पत्रकारों से बातचीत के दौरान ओम बिरला ने कहा कि कोटा बूंदी निर्वाचन क्षेत्र में रामगढ़ और मुकुंदरा में टाइगर रिजर्व में टाइगर का कुनबा बढ़ाने के निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं और अब पहली बार हेलीकॉप्टर से शिफ्ट करके टाइगर यहां लाया जाएगा जिसकी वजह से यहां देश और विदेश के पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी उल्लेखनीय है कि ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र को लेकर हमेशा एक्टिव रहते हैं इसी वजह से उन्होंने इस बार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की स्थानीय लोगों का भी कहना है कि ओम बिरला दिल्ली में सिर्फ लोकसभा संचालन के दौरान ही मौजूद रहते हैं अन्यथा अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही समय बिताना ज्यादा पसंद करते हैं जैसे ही लोकसभा सत्र से फ्री होते हैं ओम बिरला तुरंत अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के प्रयास करते हैं और अपने संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों का फीडबैक लेकर क्षेत्र के विकास को गति देते रहते हैं यही उनकी सबसे बड़ी खासियत है इसके अलावा स्पीकर पद पर रहने का भी क्षेत्र के लोगों को अच्छा फायदा मिल रहा है क्योंकि केंद्र सरकार के मंत्रियों से क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं स्वीकार करवाने में ओम बिरला को ज्यादा परेशानी का सामना करना नहीं पड़ता इसलिए ओम बिरला ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए कई बड़ी योजनाएं केंद्र से स्वीकृत करवाई हैं ।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
23 जनवरी, 2026

## कहानी

### गुरुभक्त संदीपक

गोदावरी नदी के तट पर महात्मा वेदधर्मजी का आश्रम था । उनके आश्रम में अलग-अलग स्थानों से वेद अध्ययन करने के लिए विद्यार्थी आते थे । उनके शिष्यों में संदीपक नाम का अत्यंत बुद्धिमान शिष्य था । वह गुरुभक्त भी था ।

वेदों का अभ्यास पूर्ण होने पर उन्होंने अपने सभी शिष्यों को बुलाया और कहा कि, "मेरे प्रिय शिष्यों, तुम सभी गुरुभक्त हो इसमें कोई संदेह नहीं है । मुझसे जितना हो सका उतना ज्ञान तुम सबको मैंने दिया है । परन्तु अब मेरे पूर्व जन्म के कर्मों के कारण आगे आनेवाले समय में मुझे कोढ होगा, मैं अंधा हो जाऊंगा, मेरे शरीर में कीडे पड जायेगे, मेरे शरीर से दुर्गंध आने लगेगी । इसलिए अब मैं यह आश्रम छोडकर जानेवाला हूं और अपने इस व्याधिकाल को काशी में निवास कर के व्यतीत करूंगा । मेरा प्रारब्ध समाप्त होने तक मैं वहीं रहूंगा । तो आप सभी में से कौन-कौन मेरे साथ आने के लिए तैयार है "

गुरुदेवजी की यह बात सुनकर सारे शिष्य स्तब्ध रह गए । तभी संदीपक आगे आया और उसने कहा कि, "हे गुरुदेवजी, मैं प्रत्येक स्थिति में, प्रत्येक स्थान पर आपके साथ रहकर आपकी सेवा करने के लिए तैयार हूं।"

गुरुदेवजी बोले, "देखो संदीपक, मैं अंधा हो जाऊंगा, मेरी शरीर रोग के कारण कैसा होगा । तुम्हें मेरे लिए अत्यंत कष्ट झेलने पडेंगे । इसलिए सोच-समझकर बताओ ।

संदीपक ने कहा, " हे गुरुदेवजी, मैं किसी भी प्रकार का कष्ट सहने के लिए मैं तैयार हुं । बस आप केवल मुझे आपके साथ चलने की अनुमति दीजिए ।

दूसरे दिन गुरु वेदधर्मजी संदीपक के साथ काशी जाने के लिए निकल पडे । काशी में कंवलेश्वर नाम के स्थान पर वे दोनों रहने लगे ।

कुछ ही दिनों में गुरु वेदधर्मजी के पूरे शरीर पर कोढ उभर आया, उसमें पस पडने लगा और कीडे भी पड गए । उनको आंखों से कुछ दिखाई भी नहीं देने लगा अर्थात वह अंधे हो गए । उनका स्वभाव चिडचिडा और विचित्र सा हो गया । जिस प्रकार गुरुदेवजी ने काशी आने से पहले बताया था, उसी प्रकार से उनकी स्थिति हो गई ।

संदीपक दिनरात बहुत लगन से गुरुदेवजी की सेवा करता । उनको स्नान करवाना, शरीर पर हुए जख्मों को साफ करना, उनपर औषधि लगाना, कपडे पहनाना, भोजन करवाना, यह सब वह करता था । तब भी गुरुदेवजी सदैव उसी पर चिडचिड करते रहते थे; परंतु संदीपक मन लगाकर उनकी सेवा करता रहता था । उसके मन में गुरुदेवजी के प्रति कभी कोई अनुचित प्रतिक्रिया नहीं आती थी ।

ये सारी सेवाएं करते-करते संदीपक की सारी वासनाएं अर्थात इच्छाएं नष्ट हो गई । उसकी बुद्धि में एक अलौकिक ज्ञान का प्रकाश फैल गया । वह कहने लगा, अपने मनानुसार साधना करोगे तो कुछ भी हाथ नहीं लगेगा । गुरुदेवजी की बताई राह पर चलोगे तो जीवन में कहीं नहीं भटकोगे ।

इस प्रकार गुरुदेवजी की सेवा करते करते अनेक वर्ष बीत गए । संदीपक की गुरुसेवा देखकर प्रत्यक्ष भगवान शिव उसके सामने प्रकट हो गए । उन्होंने कहा, "संदीपक, लोग काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए आते हैं; मैं तो स्वयं तुम्हारे पास बिना बुलाए आ गया हूं । तुम अपने गुरु की सेवा अत्यंत श्रद्धा और भाव से करते हो, उन गुरु के हृदय में मैं सोऽहं स्वरूप में निवास करता हूं । अर्थात तुम्हारे द्वारा की गई प्रत्येक सेवा मुझ तक पहुंचती है । मैं तुमसे अत्यधिक प्रसन्न हूं, तुमको जो चाहिए वह वर तुम मुझसे मांग लो !"

संदीपक ने नम्रतापूर्वक भगवान शिव से कहा कि, "हे प्रभु, आपकी प्रसन्नता ही मेरे लिए सबकुछ है । परन्तु भगवान शिवजी ने कहा कि, " तुम्हें मुझसे कुछ तो मांगना ही पडेगा !" भगवान शिवजी के ऐसे वचन सुनकर संदीपक ने कहा कि, "हे महादेव, आप मुझपर प्रसन्न हो गए हैं, यह मेरा परमभाग्य है । परन्तु मैं अपने गुरुदेवजी की आज्ञा के बिना किसी से कुछ नहीं मांग सकता ।

भगवान बोले, " ठीक है, तुम अपने गुरु से पूछकर आओ ।"

संदीपक गुरुदेवजी के पास आया और उनसे बोला, " हे गुरुदेवजी, आपकी कृपा से भगवान शंकर मुझपर प्रसन्न होकर मुझे वर देना चाहते हैं । यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं आपका कोढ और अंधत्व दूर होने के लिए उनसे वर मांगू "

यह सुनकर गुरुदेवजी को बहुत गुस्सा आ गया और वह बोले, "संदीपक, लगता है कि तुम मेरी सेवा करते-करते ऊब गए हो तथा मेरी सेवा टालना चाहते हो । मेरी सेवा करके थक गए हो इसलिए भीख मांग रहे हो शिवजी जो देंगे उससे मेरा प्रारब्ध तो नहीं बदलेगा चले जाओ, मैंने तो तुम्हें पहले ही मना किया था; परंतु तुम ही जिद करके मेरे साथ चले आए, चले जाओ ।

संदीपक दौडते हुए भगवान शिवजी के पास गया और उनसे बोला 'हे भगवन, मुझे कुछ भी नहीं चाहिए ।', यह सुनकर भगवान शिवजी उसपर प्रसन्न हो गए, परन्तु उससे बोले, तुम अपने गुरु की इतनी सेवा करते हो; परंतु तुम्हारे गुरु तुम्हें ही इतना डांटते रहते हैं "

# विवाद बढ़ाने का काम करता चीन



जब अमेरिका भारत के समक्ष समस्याएं खड़ी करने से बाज नहीं आ रहा है, तब चीन भी चिंता का कारण बन रहा है। वास्तव में चीन ने जबसे 1951 में तिब्बत पर जबरन कब्जा करके भारत-तिब्बत सीमा को भारत-चीन सीमा में बदल दिया, तबसे उसके भारत-विरोधी रुख में लगातार वृद्धि होती चली जा रही है। पहले तो उसने 1962 में तिब्बत को छावनी की तरह इस्तेमाल करके भारत पर हमला किया। इसके बाद से वह सैकड़ों किलोमीटर लंबी इस सीमा पर उकसावे की कोई न कोई हरकत करता आ रहा है। आर्थिक और सैनिक शक्ति हासिल करने के बाद तो चीन की यह आक्रामकता सीधी दादागीरी में बदल चुकी है। पहले वह भारत के अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के इलाकों पर जुबानी दावे करता था, लेकिन 2017 में डोकलाम घाटी पर कब्जे की कोशिश में मुंह की खाने के बाद उसने पूरी सीमा पर बड़े पैमाने पर सैन्य निर्माण शुरू करके भारत के लिए नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। पिछले दिनों अंतरिक्ष से सीमाओं की टोह लेने वाले भारतीय उपग्रहों से पता चला कि लद्दाख में चीनी कब्जे वाले शक्सगाम इलाके में चीनी सेना एक ऐसी सड़क बना रही है, जो भारत-पाकिस्तान और चीन के इस मिलन क्षेत्र में सियाचिन की सुरक्षा के लिए नए खतरे पैदा कर सकती है। शक्सगाम घाटी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारत में विलय के बाद भारत का हिस्सा थी, लेकिन अक्टूबर 1947 में उस पर हमले में पाकिस्तानी सेना ने कब्जा कर लिया था। 1962 के भारत-चीन युद्ध के एक साल बाद ही पाकिस्तान ने चीन को खुश करने के लिए 1963 की एक संधि के तहत शक्सगाम का लगभग 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र चीन को सौंप दिया। रणनीतिक दृष्टि से शक्सगाम के भौगोलिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि यह पाकिस्तान द्वारा भारत से छीने गए गिलगित-बाल्टिस्तान और चीन द्वारा 1949 में कब्जाए गए ईस्ट-तुर्किस्तान (चीन द्वारा दिया गया नया नाम 'शिनजियांग') को आपस में जोड़ता है। इसके अलावा यह सियाचिन के बहुत निकट है जो शक्सगाम और भारत के उस अक्साई चिन को अलग करता है, जिस पर 1950 के दशक में चीन ने गुपचुप कब्जा कर लिया था। शक्सगाम में चीन की यह नई सड़क बन जाने के बाद दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर को पाकिस्तानी हमलों से बचाने में जुटी भारतीय सेनाओं के लिए खतरा दोगुना हो जाएगा। आज सियाचिन पर उपस्थिति के कारण भारतीय सेना चीन के सैनिक महत्व वाले कराकोरम हाईवे पर नजर रख सकती है, जिसकी वजह से सियाचिन चीन के आंख की किरकिरी बना हुआ है। इसी क्षेत्र पर कब्जे के लिए 2021 में चीनी सेना ने गलवन में धोखे से हमला किया था। दुनिया के सबसे कठिन इलाकों में गिने जाने वाले इस क्षेत्र में सड़कों के सैनिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि गलवन कांड के तुरंत बाद भारतीय सेना ने जिस गति और संख्या के साथ चीनी सैनिकों पर जवाबी हमला करके चीन को झकझोर दिया, वह केवल इसलिए संभव हो पाया कि उससे पहले ही भारतीय सेनाओं को लेह और श्योक से गलवन होते हुए दौलतबेग ओल्डी तक पक्की सड़क मिल चुकी थी। मोदी सरकार को इसका श्रेय जाता है कि उसने भारत-तिब्बत सीमा पर लगने वाली लगभग हर चौकी को 70 से ज्यादा नई और बारहमासी सड़कों से जोड़ दिया है। जैसी उम्मीद थी, सैटेलाइट चित्रों के बाद भारत सरकार ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज किया है। न केवल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, बल्कि थलसेना अध्यक्ष ने भी चीन को याद दिलाया है कि शक्सगाम घाटी एक भारतीय क्षेत्र है और उसे चीन को सौंपने वाला 1963 का पाकिस्तान-चीन समझौता गैरकानूनी और अस्वीकार्य है। चीन ने अपने परंपरागत अक्खड़ अंदाज में इस विरोध को अस्वीकार करते हुए इसे दो सार्वभौम देशों के बीच हुआ समझौता बताने का प्रयास किया, लेकिन यह कहते हुए चीनी प्रवक्ता ने इस तथ्य को छिपा लिया कि उस समझौते में साफ-साफ लिखा है कि शक्सगाम भारत और पाकिस्तान के बीच एक विवादित इलाका है और भविष्य में इस विवाद के सुलझने पर इस इलाके के अधिकार वाली सरकार से नया समझौता किया जाएगा। शक्सगाम घाटी को लेकर विवाद के बीच सवाल यह है कि चीन ने नई सड़क बनाकर भारत के साथ नया विवाद शुरू करने का फैसला करने के लिए यही समय क्यों चुना? इसे समझने के लिए चीनी रणनीति और इतिहास पर एक नजर डालना काफी होगा। 1912 में स्वतंत्र चीनी गणराज्य की स्थापना के बाद चीन ने तिब्बत, दक्षिणी मंगोलिया और मंचूरिया पर कब्जा करके जिन 14 देशों के साथ सीमाएं साझा की हैं, उनमें से 12 में से अधिकांश के साथ उसने सीमा समझौते ऐसे मौकों पर किए, जब वे किसी न किसी कारण से कमजोर थे और चीन के दबाव में थे, लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने सीमा समझौते इस कारण टाले हुए हैं कि धीरे-धीरे लक्षित इलाकों में उनकी जमीन हड़पने के बाद ही और 'उचित' अवसर आने पर ही वह ये समझौते करेगा। चीन ने एशिया में हर बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए ऐसे समय का चुनाव किया

*रणनीतिक दृष्टि से शक्सगाम के भौगोलिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि यह पाकिस्तान द्वारा भारत से छीने गए गिलगित-बाल्टिस्तान और चीन द्वारा 1949 में कब्जाए गए ईस्ट-तुर्किस्तान (चीन द्वारा दिया गया नया नाम 'शिनजियांग') को आपस में जोड़ता है। इसके अलावा यह सियाचिन के बहुत निकट है जो शक्सगाम और भारत के उस अक्साई चिन को अलग करता है, जिस पर 1950 के दशक में चीन ने गुपचुप कब्जा कर लिया था। शक्सगाम में चीन की यह नई सड़क बन जाने के बाद दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर को पाकिस्तानी हमलों से बचाने में जुटी भारतीय सेनाओं के लिए खतरा दोगुना हो जाएगा। आज सियाचिन पर उपस्थिति के कारण भारतीय सेना चीन के सैनिक महत्व वाले कराकोरम हाईवे पर नजर रख सकती है, जिसकी वजह से सियाचिन चीन के आंख की किरकिरी बना हुआ है। इसी क्षेत्र पर कब्जे के लिए 2021 में चीनी सेना ने गलवन में धोखे से हमला किया था। दुनिया के सबसे कठिन इलाकों में गिने जाने वाले इस क्षेत्र में सड़कों के सैनिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि गलवन कांड के तुरंत बाद भारतीय सेना ने जिस गति और संख्या के साथ चीनी सैनिकों पर जवाबी हमला करके चीन को झकझोर दिया, वह केवल इसलिए संभव हो पाया कि उससे पहले ही भारतीय सेनाओं को लेह और श्योक से गलवन होते हुए दौलतबेग ओल्डी तक पक्की सड़क मिल चुकी थी।*

## सम्पादकीय

### विकास की आड़ में प्रकृति की सुरक्षा दीवार को तोड़ने की तैयारी




देश में अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन तथा इसके पर्यावरण पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। ये तर्क सही हो सकते हैं कि खनन गतिविधियां विकास प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन क्या पर्यावरण की कीमत पर विकास की राह तलाशना उचित है? पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे अरावली पर्वत-श्रृंखला के मसले को लेकर यह बहस जोर पकड़ रही है कि अगर कोई प्राकृतिक संरचना किसी क्षेत्र के लिए जीवन-धारा और सुरक्षा दीवार के रूप में खड़ी है, तो क्या उसका संरक्षण जरूरी नहीं है! हाल के वर्षों में अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियां बढ़ी हैं और इससे होने वाले नुकसान को लेकर उठी आवाज की अनदेखी हुई है। यही वजह है कि बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया कि अरावली में खनन और इससे संबंधित मुद्दों की व्यापक एवं समग्र जांच जरूरी है तथा इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाएगी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अरावली क्षेत्र में अवैध खनन से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो सकती है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी थी कि आसपास की जमीन से कम से कम सौ मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी के तौर पर माना जाएगा। अदालत की इस नई परिभाषा के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि अगर सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के रास्ते खुलेंगे, तो इसके बाद समूचे इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर पर्यावरणीय प्रभाव पड़ सकते हैं। क्योंकि, पहाड़ियों के बीच पांच सौ मीटर की दूरी के मानक से अरावली का बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण से बाहर हो सकता था। हालांकि, बाद में शीर्ष अदालत ने अपने इस फैसले को स्थगित करते हुए कहा था कि इस मामले में कुछ गंभीर अस्पष्टताओं का समाधान जरूरी है। अब न्यायालय ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ और वैज्ञानिकों के नाम सुझाने का निर्देश दिया है, ताकि विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। मगर यह पहलू भी महत्त्वपूर्ण है कि विशेषज्ञों की समिति बिना किसी दबाव और निष्पक्षता से अध्ययन कर अपने सुझाव सामने रखे। इस चिंता को दूर करने के लिए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा है कि यह समिति उसके निर्देशन और निगरानी में कार्य करेगी। दरअसल, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात से लेकर दिल्ली तक के सैकड़ों किलोमीटर इलाके में फैली अरावली पर्वत-श्रृंखला को उत्तर भारत में पर्यावरण को संतुलित रखने की लिहाज से एक प्राकृतिक दीवार के रूप में देखा जाता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से अरावली क्षेत्र में जिस तरह पत्थर, रेत और अन्य संसाधनों की पूर्ति के लिए खनन गतिविधियां बढ़ी हैं, उससे इलाके के पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली के आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने, रेगिस्तान बनने से रोकने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है।

# ट्रंप के रवैये से त्रस्त दुनिया

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को एक साल बीत गया है। इस एक वर्ष के दौरान उन्होंने अपनी नाटकीय नीतियों से वैश्विक ढांचे की दशा-दिशा ही बदल दी है। यहां तक कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी भी उनके अप्रत्याशित रवैये से कुछ परेशान हो चुके हैं। महीनों तक नोबेल शांति पुरस्कार के लिए खुद ही अपनी पैरवी करते रहे ट्रंप ने नव वर्ष की शुरुआत में ही नए तेवर अपना लिए। तीन जनवरी को वेनेजुएला में महज कुछ घंटों के दौरान ही सत्ता पलट करने में सफल रहे ट्रंप उसके बाद ईरान और ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामकता दिखाने लगे। बीते दिनों ईरान में अनियंत्रित हुए विरोध-प्रदर्शनों के निर्ममता से दमन को लेकर भी उन्होंने चेताया कि अगर सत्ता ने अपना शिकंजा और कड़ा किया तो वे कोई कड़ा कदम उठाने से संकोच नहीं करेंगे। जब हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबरें आईं तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है और ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। इसके लिए उन्होंने पिछले साल ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का उदाहरण भी सामने रखा। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान ने प्रदर्शनकारियों की हत्या और गिरफ्तार लोगों को फांसी दिए जाने जैसे आरोपों से इन्कार किया है और ट्रंप ने भी अपने निजी सूत्रों का हवाला दिया कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। यह बात अलग है कि ईरान में जिन लोगों एवं संस्थाओं पर प्रदर्शनकारियों के दमन और विदेशी बाजार में तेल की कालाबाजारी के आरोप हैं, उन पर ट्रंप प्रशासन ने नए सिरे से और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। इतना ही नहीं, ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भी उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों को कड़ा संदेश दिया। ईरान से इतर ग्रीनलैंड का मामला ट्रंप के नजरिये से कहीं अधिक महत्वपूर्ण दिख रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें उन्हीं देशों का अमेरिका के साथ




टकराव बढ़ता दिख रहा है, जो द्वितीय महायुद्ध के बाद से ही अमेरिका के घनिष्ठ मित्र रहे हैं। ट्रंप इन देशों के साथ उसी आत्मीयता को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने एआइ जनित तस्वीर के माध्यम से पोस्ट किया कि 2026 से ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बन गया है। वैसे ग्रीनलैंड के प्रति ट्रंप का यह नजरिया कोई नया नहीं है। अपने पहले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड का मुद्दा उनकी 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति' का एक केंद्र बिंदु रहा है।इसे अक्सर 'डोनरो डोक्ट्रिन' के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे आर्कटिक क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक मोर्चे के रूप में देखते हैं, जिसे किसी भी तरह अमेरिकी नियंत्रण में लाना आवश्यक है। ट्रंप प्रशासन शक्ति प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से भी अपने इस रुख को सही ठहराता है। ट्रंप बार-बार दोहराते रहे हैं कि ग्रीनलैंड रूसी और चीनी जहाजों से घिरा हुआ है और उसके पास स्वयं पर कब्जे के किसी प्रयास का प्रतिरोध करने की सैन्य क्षमता नहीं है। अमेरिका की सुरक्षा के लिए ट्रंप जिस महत्वाकांक्षी 'गोल्डन डोम' परियोजना पर काम कर रहे हैं, उसे सिरे चढ़ाने के लिए भी ग्रीनलैंड की जमीन की जरूरत पड़ेगी। सामरिक बढ़त के अलावा संसाधनों की दृष्टि से भी ग्रीनलैंड का बहुत महत्व है। यह द्वीप उन दुर्लभ खनिजों और यूरेनियम के अकूत भंडारों का खजाना है, जो पर्यावरण अनुकूलन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अहम उपकरणों से लेकर उन्नत रक्षा साजोसामान बनाने में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप इसका उतना बखान नहीं करते, लेकिन ग्रीनलैंड में एक विशेष दूत की नियुक्ति और अमेरिकी संसद में 'मेक ग्रीनलैंड ग्रेट अगेन' एक्ट को बढ़ावा देना तो यही संकेत करता है कि इस द्वीप के संसाधनों के दोहन में उनकी गहरी रुचि है।

*ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें उन्हीं देशों का अमेरिका के साथ टकराव बढ़ता दिख रहा है, जो द्वितीय महायुद्ध के बाद से ही अमेरिका के घनिष्ठ मित्र रहे हैं। ट्रंप इन देशों के साथ उसी आत्मीयता को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने एआइ जनित तस्वीर के माध्यम से पोस्ट किया कि 2026 से ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बन गया है। वैसे ग्रीनलैंड के प्रति ट्रंप का यह नजरिया कोई नया नहीं है। अपने पहले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड का मुद्दा उनकी 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति' का एक केंद्र बिंदु रहा है।इसे अक्सर 'डोनरो डोक्ट्रिन' के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे आर्कटिक क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक मोर्चे के रूप में देखते हैं, जिसे किसी भी तरह अमेरिकी नियंत्रण में लाना आवश्यक है। ट्रंप प्रशासन शक्ति प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से भी अपने इस रुख को सही ठहराता है। ट्रंप बार-बार दोहराते रहे हैं कि ग्रीनलैंड रूसी और चीनी जहाजों*

# मुफ्त की रेवड़ियां, कब लगेगी लगाम?

यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उसकी सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया, जिसमें मांग की गई है कि देश पर बढ़ते कर्ज को देखते हुए राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं का संज्ञान लिया जाए। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पहले भी यह मामला सामने आ चुका है और उसने चुनाव आयोग को इस संदर्भ में कुछ निर्देश भी दिए थे, लेकिन उनसे बात बनी नहीं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि राजनीतिक दल चुनाव आते ही जनता को लुभाने के लिए जनकल्याण के नाम पर मुफ्त में सुविधाएं और रियायत देने वाली घोषणाएं करने लगते हैं। कुछ दल तो सीधे-



सीधे धन देने की घोषणा भी करने लगे हैं। चूंकि ऐसी घोषणाएं चुनाव जीतने में सहायक बनने लगी हैं, इसलिए उनका सिलसिला तेज होता जा रहा है। एक समय जो काम तमिलनाडु में होता था, वह अब शेष देश में भी होने लगा है। स्थिति यह है कि जो भाजपा लोकलुभावन योजनाओं को मुफ्त की रेवड़ी बताती थी, वह भी ऐसी योजनाओं की घोषणा करने लगी। मुफ्त की योजनाएं यह कहकर शुरू की जाती हैं कि इससे निर्धन-वंचित तबके को लाभ मिलेगा और उनका आर्थिक उत्थान होगा, लेकिन यह देखने में आ रहा है कि ऐसी योजनाएं न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बनती हैं, बल्कि निर्धन वर्गों को सरकार पर निर्भर भी बनाती हैं। निःसंदेह भारत जैसे निर्धन आबादी वाले देश में सरकारों को गरीब एवं वंचित लोगों की चिंता करनी होगी और उनके आर्थिक उत्थान के लिए कुछ विशेष प्रयत्न भी करने होंगे, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं हो सकता कि जनकल्याण के नाम पर आर्थिक नियमों की अनदेखी कर दी जाए। फिलहाल ऐसा ही हो रहा है। लोकलुभावन घोषणाओं पर लगाम लगाने के लिए पहली आवश्यकता तो इसकी है कि इसे परिभाषित किया जाए कि वास्तविक जनकल्याण क्या है और सरकारों को उसे कैसे करना चाहिए? ऐसी किसी योजना को जनकल्याणकारी नहीं कहा जा सकता, जो लोगों को आत्मनिर्भर न बनाए यानी उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित न करे। जनकल्याण के नाम पर ऐसी योजनाएं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के विपरीत हैं, जिनका

## रोडवेज बस-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत




जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** जोगीपुरा मोड़ पर गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अलवर-जयपुर स्टेट हाईवे पर प्रतापगढ़ से मेड होते हुए शाहपुरा जा रही एक ग्रामीण रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जितेंद्र कुम्हार पुत्र अर्जुन लाल कुम्हार उम्र 27 वर्ष निवासी बागावास चौरासी, थाना भाबरू के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक जैसे ही जोगीपुरा के पास पहुंचा, सामने से आ रही ग्रामीण रोडवेज बस ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही भाबरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश कर यातायात को सुचारू कराया। घटना के बाद बस चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा के उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। भाबरू थानाधिकारी रामकिशोर ने बताया कि सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हुई है। मृतक के शव का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है और फरार बस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## पौष बड़ा व भजन संध्या का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर सांगानेर बाजार स्थित नगर निगम रोड पर गणेशम टावर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गणेशम टावर व्यापार मंडल के सहयोग से किया गया। भजन संध्या के दौरान राम भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और जय श्रीराम के उद्घोष से परिसर गूंज उठा। आयोजन में विनय फागणा, मनीष फागणा, हनी फागणा, अंकित फागणा, महेश बागड़ा, मोहित बुरा, दीपक बागड़ा, रवि बाड़ीवाल, सुनील शर्मा, अजय शर्मा, समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा सहित गणेशम टावर व्यापार मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने की दिशा में पुलिस-जन संवाद



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक/फुलेरा।** पुलिसिंग शाखा के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय एकता व पुलिस कार्यों में जनसहयोग' विषय पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार सायं 4.30 बजे से 6.00 बजे तक जिले के विभिन्न अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस, जीआरपी व राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, सीएलजी सदस्य, महिला सखियां, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, नागरिकों सहित बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता की। सांभर अटल सेवा केंद्र पर भी उल्लेखनीय संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। जन-संवाद के दौरान पुलिस व आमजन के बीच खुला संवाद स्थापित हुआ, जिसमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, आपसी समन्वय तथा पुलिस कार्यों में जनसहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में पुलिस-जन सहभागिता की अहम भूमिका है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में विश्वास और सौहार्द बनाए रखते हुए पुलिस व आमजन के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना रहा।

## जवाहर कला केन्द्र में को राज्य स्तरीय चित्रकला कार्यशाला आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता व सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में राज्य स्तरीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जवाहर कला केन्द्र के ओपन एयर थिएटर में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न वर्गों के युवा कलाकारों को मतदान के महत्व, लोकतंत्र की मजबूती व नागरिक सहभागिता जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना व उन्हें जिम्मेदार मतदाता के रूप में प्रेरित करना है।

# पंच गौरव संरक्षण, संवर्धन व विकास के लिए हर संभव प्रयास होंगे सुनिश्चित

### बजट स्वीकृति, त्वरित क्रियान्वयन और जनभागीदारी पर विशेष जोर

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** जयपुर जिले में चिन्हित पंच-गौरव से जुड़े स्थलों के संरक्षण, संवर्धन व समग्र विकास को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार, जयपुर में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंच-गौरव योजना को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने तथा इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह ने बैठक में राज्य स्तर से पंच-गौरव योजना के लिए आवंटित बजट की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जारी किया जाए। साथ ही जिन कार्यों की वित्तीय स्वीकृतियां पूर्व में जारी हो चुकी हैं, उन कार्यों को बिना विलंब प्रारम्भ कर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ शीघ्र रूप से दिखाई दे। मुख्य आयोजन अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से 1 जनवरी को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित पंच-गौरव योजना की समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना के लक्ष्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि पंच-गौरव की महत्ता, उपयोगिता व आवश्यकता को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निर्देशित किया गया कि सभी राजकीय कार्यालयों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में पंच-गौरव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इससे युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन में अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व सामाजिक धरोहरों के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण की भावना विकसित होगी। मुख्य आयोजन अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि कार्यक्रमों, मेलों व सार्वजनिक आयोजनों में पंच-गौरव से संबंधित स्टॉल लगाए जाएं, जहां आमजन को पंच-गौरव स्थलों की जानकारी, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा उनसे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जाएगा। संबंधित विभागों को पंच-गौरव के संरक्षण व संवर्धन के लिए अधिकाधिक पहल करते हुए इसे जनभागीदारी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि पंच-गौरव केवल धरोहर संरक्षण की योजना नहीं, बल्कि यह स्थानीय पहचान, सांस्कृतिक गौरव एवं भावी पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इसके संरक्षण एवं विकास के लिए प्रशासन, शिक्षा संस्थानों और समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। बैठक में वी. केतन कुमार, हरलाल बिजारनियां, मान सिंह व बाबूलाल मीणा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनएच-44 की सर्विस रोड बदहाल, आमजन परेशान

### गहरे गड्ढे राहगीरों और विद्यार्थियों के लिए बन रहे परेशानी का सबब

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 की सर्विस रोड की स्थिति लगातार बद से बदतर होती जा रही है। टीवीएस एजेंसी के पास स्थित यह सर्विस रोड जगह-जगह से टूट चुकी है और गहरे गड्ढों में पानी भरा होने से सड़क कम, तालाब अधिक नजर आने लगी है। हालात ऐसे हैं कि पैदल निकलना तक दूभर हो गया है। इस सर्विस रोड से प्रतिदिन स्कूली बच्चों की बसें, दुपहिया वाहन, ऑटो और पैदल राहगीर गुजरते हैं। गड्ढों में भरे पानी के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे वाहन चालकों को अंदाजा ही नहीं लग पाता कि आगे कितना गहरा गड्ढा है। मजबूरी में लोग जान जोखिम में डालकर इसी रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। स्कूली बच्चों का कहना है कि जब उनकी बस इस सर्विस रोड से गुजरती है तो हर समय डर बना रहता है कि कहीं बस गड्ढे में फंस न जाए या पलट न जाए। बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। कई बार वाहन खराब होकर बीच रास्ते में ही बंद हो जाते हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों में इस समस्या को लेकर भारी नाराजगी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। सड़क की बदहाली के कारण रोजमर्रा के कामकाज और स्कूल-कॉलेज आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्विस रोड की मरम्मत कराई जाए तथा पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

## ऐतिहासिक स्थल गणेश धाम में एसडीओ ने किया श्रमदान

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** शहर के महाभारत कालीन पौराणिक तीर्थ स्थल गणेश धाम में गुरुवार को उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने प्रशासन टीम के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर प्राचीन जलाशय एवं मंदिर प्रांगण में श्रमदान कर स्वच्छ भारत अभियान में हाथ बटाया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के प्रति स्वच्छता को लेकर सभी को जागरूक रहकर सफाई व्यवस्था में सहयोग कर आगे आना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था को लेकर श्रमदान अभियान चलाने की बात कही। गौरतलब है कि बुधवार को एसडीओ कपिल कुमार उपाध्याय की ओर से शहर के धार्मिक व प्रशासनिक स्थलों के निरीक्षण के दौरान गणेश गिरी जलाशय में सफाई अव्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई थी, जिसको लेकर गुरुवार को करीब 3 घंटे तक चले सफाई अभियान में स्वयं उपखंड अधिकारी, तहसील तथा नगर पालिका की संयुक्त टीम और सफाई कर्मियों की ओर से प्राचीन जलाशय में सफाई श्रमदान किया गया। इस मौके पर एसडीओ ने गणेश धाम की पुजारी सीताराम स्वामी को सफाई जागरूक को लेकर साइन बोर्ड लगाने और दुकानदारों को जलाशय में प्लास्टिक या किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं करने की हिदायत दी। इस दौरान नायब तहसीलदार मेनका चौधरी, नगर पालिका सहायक अभियंता हरि सिंह कुम्हार, एसडीएम रीडर धान सिंह, सुनील चौधरी, नाहर सिंह यादव, कनिष्ठ लिपिक भूपेंद्र मीना, पटवारी चेतन शर्मा, सरवन गुर्जर, सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार, एम आई एस अशोक प्रजापत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट्स सुभाष घांघल, बालाजी केयर टेकर प्रतिनिधि मामराज सोलंकी, जमादार मनोज कुमार, सहित सैकड़ो सफाई कर्मी मौजूद रहे

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की ओर से पंचायत समिति धौलपुर की ग्राम पंचायत विशनौदा में बुधवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें व सुझाव सुने। रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त व समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए किसान सम्मान निधि की राशि राजस्थान में 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये की गई है तथा भविष्य में इसे 12 हजार रुपये तक किए जाने का लक्ष्य है। किसान सम्मान निधि की राशि खाते में आते ही किसान के चेहरे पर खुशी दिखाई देती है। उन्होंने प्रभारी मंत्री की ओर से 13 जनवरी को आयोजित की गई रात्रि चौपाल में आए परिवादों के निस्तारण की जानकारी परिवादियों को दी गई। इस दौरान प्रेमसिंह पुत्र रामबाबू, जल सिंह निवासी रजई का पुरा, दीवान सिंह, दलीप सिंह, हरिओम, मंगल सिंह, परिमाल की ओर से राशन कार्ड बन्द होने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया। जिस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि वर्तमान में पोर्टल बन्द है, पोर्टल के चालू होने पर पुनः राशन कार्ड शुरू हो जाएगें। समस्त ग्रामवासी विशनौदा की ओर से खाद बीज व ग्राम रजई का पुरा की ओर से सीवर लाइन के डलवाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए सरकार को प्रस्ताव बनवाकर भिजवा दिया गया है। सरकार की ओर से अनुमोदित होने पर समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार मिला है, वहीं लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। रात्रि चौपाल में उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार, विद्यार्थियों को मिला भविष्य निर्माण का मार्गदर्शन

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सही दिशा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी स्कूल रामपुरा व महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारिकपुरा में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएचआरडी एनजीओ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुरा में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को करियर चयन, उच्च शिक्षा के विकल्प, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, निरंतर मेहनत, स्किल डेवलपमेंट, आत्मनिर्भरता व सकारात्मक सोच ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। वहीं महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारिकपुरा में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को करियर से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान की गईं। विद्यार्थियों ने अपने करियर से संबंधित जिज्ञासाओं को खुलकर रखा, जिनका विशेषज्ञों की ओर से सरल व प्रभावी समाधान किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुरा से प्रधानाचार्य देवाराम चौधरी, दयाराम व्याख्याता, लोकेश वरिष्ठ अध्यापक,अभिलाषा गुप्ता व्याख्याता सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

वहीं महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारिकपुरा से प्रधानाचार्य विक्रम सिंह मीणा, उप प्राचार्य रामकिशोर यादव, महेश कुमार मनोहर, राजेन्द्र प्रसाद मीणा, रिंकू, महावीर प्रसाद यादव, अजय कुमार यादव, कैलाश चंद्र जांगिड़, कमलेश कुमार जाट, मोहनलाल, बीना देवी, मोनिका, हजारीलाल गुर्जर, लक्ष्मी नारायण, योगेश कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ ही एनएसएचआरडी एनजीओ के प्रतिनिधि के रूप में रवि शंकर सैनी, हनीफ खान व मनोज यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से कराने की आवश्यकता जताई।

## धौलपुर के 1.42 लाख किसानों को मिले 14.22 करोड़ रुपए

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही जिले के अरविन्द पैवेलियन स्टेडियम से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त के रूप में राज्यभर के किसानों के खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। यह कार्यक्रम अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजन के तहत हुआ। इस अवसर पर धौलपुर जिले के 1 लाख 42 हजार 262 कृषकों के खातों में कुल 14 करोड़ 22 लाख 62 हजार रुपये की राशि स्थानांतरित की गई। जिले के पात्र कृषक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं जिला कलक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसान, युवा और सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है तथा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ईआरसीपी समझौते से पेयजल और कृषि के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

# लघु उद्योग भारती की कार्यशाला में आरएफसी की ऋण योजनाओं पर मंथन,- उद्यमियों को दी विस्तृत जानकारी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर।** लघु उद्योग भारती जोधपुर के तत्वावधान में बोरानाड़ा क्षेत्र में राजस्थान वित्त निगम (आरएफसी) से संबंधित औद्योगिक ऋण योजनाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लघु उद्योगों के वित्त पोषण और विकास में आरएफसी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक डॉ. हर सहाय मीणा ने कहा कि लघु उद्योगों के वित्त पोषण का आधार आरएफसी है और राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास में निगम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आरएफसी की ओर से कई ऋण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना प्रमुख है। इस योजना के अंतर्गत साढ़े पांच प्रतिशत ब्याज दर पर दो करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यशाला में आरएफसी की अन्य योजनाओं जैसे जनरल टर्म लोन योजना, सरल ऋण योजना, होटल-रेस्टोरेंट एवं पर्यटन ऋण योजना, स्कीम फॉर गुड बॉरोवर्स, टॉप-अप लोन स्कीम, स्कीम फॉर प्रोजेक्ट्स तथा सिंगल विंडो योजना की भी जानकारी दी गई। डॉ. मीणा ने कहा कि आरएफसी लघु उद्योगों के लिए वित्तीय मजबूती प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान है। कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती जोधपुर के पदाधिकारियों ने आरएफसी से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें जोधपुर कार्यालय में पूर्णकालिक तकनीकी अधिकारी की नियुक्ति, आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराने, ऋण योजनाओं की ब्याज दर कम करने, वाईयू पीवाई योजना में सबवेंशन राशि दो करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ करने तथा लंबित ऋण आवेदनों के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान वित्त निगम की योजनाएं लघु उद्योगों के विकास के लिए आधारभूत हैं और इनके माध्यम से उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। डॉ. हर सहाय मीणा ने आश्वासन दिया कि जोधपुर ब्रांच में तकनीकी अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी तथा लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण के लिए विशेष तकनीकी टीम गठित कर 31 जनवरी तक प्रकरणों का समाधान किया जाएगा। कार्यशाला में आरएफसी जोधपुर ब्रांच की मैनेजर अलका सलूजा सहित निगम के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। वहीं लघु उद्योग भारती की ओर से महावीर चोपड़ा, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र सुलझा, थानाराम, महेंद्र चौधरी, भंवरलाल, अचलाराम, रामस्वरूप शर्मा, अनुराग महेंद्र सिंह, चंदाराम, राकेश चोरडिया, धीरज कुमार, प्रतीक जैन सहित बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।



# धनुष और मृणाल ठाकुर नहीं कर रहे शादी!

**मृणाल ठाकुर और धनुष की शादी को लेकर खबरें जोरों पर हैं। दोनों ने इस बात को लेकर कुछ नहीं कहा लेकिन फैंस एक्साइटेड हो गए हैं। हालांकि, नई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ये बातें निराधार हैं और इनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।**

धनुष और मृणाल ठाकुर की शादी शुक्रवार की सुबह फैंस को खबर मिली कि एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और धनुष फरवरी 2026 में शादी करने वाले हैं। जैसे-जैसे यह खबर फैलती गई, फैंस ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया। हालांकि, अब पता चला है कि फैंस को इस खुशी के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। नई जानकारी के अनुसार, इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। सूत्र ने बताया, मृणाल की शादी अगले महीने नहीं हो रही है। यह एक अफवाह है जो फैल चुकी है। सूत्र ने आगे बताया कि मृणाल की फिल्म दो दीवाने शहर में की रिलीज भी उसी डेट के आसपास है, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं।

## मृणाल ठाकुर से नहीं हो रही धनुष की शादी



सूत्रों के अनुसार, फरवरी में उनकी एक फिल्म रिलीज होने वाली है, तो वो रिलीज के इतने करीब शादी क्यों करेंगी? और फिर मार्च में उनकी एक और तेलुगू फिल्म रिलीज होने वाली है। मृणाल और धनुष काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## कब और कैसे शुरू हुआ ये सब

यह सब अगस्त 2025 में शुरू हुआ, जब मृणाल अपनी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के प्रीमियर पर धनुष के आने पर उनसे मिलने दौड़ पड़ीं। इस पर इंटरनेट यूजर्स ने खूब तारीफ की और कहा कि धनुष खास तौर पर मृणाल को सपोर्ट करने के लिए स्क्रीनिंग में आए थे।



# विक्रम फडनीस की फिल्म में लीड रोल प्ले करेंगी सैयामी खेर

अभिनेत्री सैयामी खेर नए साल की शुरुआत एक नए और खास प्रोजेक्ट के साथ करने जा रही हैं। वह मशहूर फैशन डिजाइनर से निर्देशक बने विक्रम फडनीस की अगली अनटाइटल्ड फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और यह सैयामी के करियर का एक अहम पड़ाव मानी जा रही है। यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें सैयामी लीड रोल निभा रही हैं। उनके साथ विनीत कुमार सिंह और ताहिर राज भसीन भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट का निर्माण रील यूफोरिया और नाइट स्काई मूवीज के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म की घोषणा करते हुए सैयामी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सेट से पहली झलक साझा की। तस्वीर में वह फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा... और आज हर खामोश दुआ अपने घर पहुंच गई। नया साल, नई शुरुआत। हमेशा की तरह मुझे आप सभी की दुआओं की जरूरत है। इस पोस्ट से सैयामी की खुशी और उत्साह साफ झलक रहा है। इस फिल्म के जरिए विक्रम फडनीस निर्देशन में अपनी तीसरी फिल्म बना रहे हैं, जबकि यह उनकी पहली हिंदी निर्देशित फिल्म होगी। सैयामी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि 2026 की इससे बेहतर शुरुआत वह नहीं चाह सकती थीं। इस फिल्म में सैयामी खेर के अलावा विनीत कुमार सिंह और ताहिर राज भसीन भी लीड रोल में दिखाई देंगे।

# किताब ब्लैक रिवर पर बेस्ड होगी सैफ की अगली फिल्म

बालीवुड एक्टर सैफ अली खान हमेशा से ही अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह दर्शकों के लिए कुछ खास लेकर आने की तैयारी में हैं। आने वाले दिनों में सैफ फिल्म हैवान में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार मुख्य भूमिका निभाते दिखेंगे। यह फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच सैफ अली खान ने अपनी एक नई फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी साझा की है। एक्टर ने बताया कि उनकी अगली फिल्म एक क्राइम-ड्रामा होगी, जो एक मशहूर उपन्यास पर बेस्ड है। सैफ ने खुलासा किया कि उन्होंने लेखिका निलंजना रॉय की किताब ब्लैक रिवर के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। सैफ के मुताबिक... ब्लैक रिवर उनकी पसंदीदा किताबों में से एक है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि फिल्म बनने की प्रक्रिया में थोड़ा समय लग रहा है। बता दें कि सैफ को आखिरी बार फिल्म ज्वेल थीफ में देखा गया था। इसके अलावा सैफ को आखिरी बार ज्वेल थीफ में देखा गया था। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी।



# एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आ सकती हैं कृति शेट्टी



दक्षिण भारतीय फिल्म एक्ट्रेस कृति शेट्टी, बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। टाइगर ने अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक मिलाप जावेरी से हाथ मिलाया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसे टी-सीरीज अपने बैनर तले प्रोड्यूस करेगा। चर्चा है कि इस फिल्म में कृति शेट्टी नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग 21 जनवरी को शुरू होगी और दो महीने का शूटिंग शेड्यूल प्लान किया गया है। मुंबई की अलग-अलग लोकेशंस पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन्स फिल्माए जाएंगे, जो शहर की वाइब्रेंट बैकग्राउंड देगा। मेकर्स इस फिल्म को 2026 के दूसरे हाफ में रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म का कोई टाइटल डिसाइड नहीं हुआ है। पूरी कास्ट और क्रू के बारे में और ऑफिशियल अनाउंसमेंट जल्द ही होने की उम्मीद है। बता दें कृति ने सुपर 30, एआरएम, श्याम सिंह रॉय, द वॉरियर, उप्पेना और बंगाराजू जैसी फिल्मों में काम किया है।





# ऑडियंस एजेंडे के साथ फिल्म देखने नहीं आती है

फिल्मों की रिलीज के साथ सोशल मीडिया पर अचानक फैलने वाली नेगेटिविटी आज एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई बार रिलीज से पहले ही किसी फिल्म या एक्टर को लेकर माहौल बना दिया जाता है, जिससे लोगों की राय पहले से तय होने लगती है। इसी मुद्दे पर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने अपने मन की बात रखी है। अमर उजाला डिजिटल से की गई बातचीत में रानी ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है।

## ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ थिएटर नहीं आती

ऑडियंस हमेशा सही होती है। मैं आज भी यह नहीं मानती कि ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ फिल्म देखने आती है। लोग सिनेमाघर खुले दिल से आते हैं। लेकिन आज के दौर में खासकर सोशल मीडिया की वजह से, फिल्मों और कलाकारों को लेकर एक माहौल बना दिया जाता है। कुछ लोग या ऑडियंस का एक छोटा सा हिस्सा जान-बूझकर नेगेटिविटी फैलाता है। इस बात से मैं वाकिफ हूं।

## इंसान की फितरत नेगेटिव नहीं होती

मैं दिल से मानती हूं कि कोई भी इंसान नेगेटिव नहीं होना चाहता है। हर कोई अच्छा काम करना चाहता है। हर कोई प्यार करना चाहता है। हर कोई बदले में प्यार पाना चाहता है। इसी सोच के साथ मैं भी आगे बढ़ती हूं।

## सोशल मीडिया रिएक्शन पर राय

हां, आज सोशल मीडिया ऐसी जगह बन गया है, जहां लोग सही और गलत समझे बिना तुरंत रिएक्शन दे देते हैं। ऐसे में मैं बस यही दुआ करती हूं कि लोगों को थोड़ी समझ मिले। वह सोशल मीडिया पर एकदम से रिएक्शन की आदत से बचें।

## विजडम बेल बटन होना चाहिए

यह मेरा सुझाव है। (हंसते हुए) सोशल मीडिया पर जैसे लाइक और डिसलाइक का बटन होता है, वैसे ही कुछ लिखने या बोलने से पहले एक सोचने वाला बटन (विजडम बेल) भी होना चाहिए। जिससे इंसान एक पल रुककर सोच सके कि वह जो कहने जा रहा है, वो सही है या नहीं।

## बेटी को सोशल मीडिया से दूर रखा है

रानी मुखर्जी से जब उनकी बेटी अदिरा के सोशल मीडिया पर होने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि बेटी अभी बहुत छोटी है। रानी की बेटी सोशल मीडिया पर नहीं है।

# सरकारी सेवाओं से असंतुष्ट हैं तो विधिक सेवा प्राधिकरण को दें सूचना, होगी कार्रवाई - सोनी

### विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी ने किया जागरूक आदर्श विमंदित एवं मूक-बधिर विद्यालय में आयोजित हुआ विधिक सहायता शिविर

**अलवर।** आदर्श विमंदित एवं मूक-बधिर विद्यालय में आयोजित विधिक सहायता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी ने कहा कि विमंदित बच्चों के भी पूर्ण कानूनी अधिकार हैं और उन्हें संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। न्यायाधीश सोनी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने क्षेत्र में टूटी सड़कों, पेयजल की समस्या, नल कनेक्शन या अन्य सरकारी सेवाओं की अनदेखी से परेशान है, तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचना दे सकता है, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान एक विशेष काउंटर लगाया गया है, जहां कोई भी व्यक्ति सादा कागज पर प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या दर्ज करा सकता है, जिस पर त्वरित संज्ञान लिया जाएगा। इस अवसर पर विमंदित बच्चों के मेडिकल प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कानून विशेषज्ञ एवं समाजसेवी एनआरआई लक्ष्मीनारायण सोनी ने कहा कि विमंदित बच्चों के विद्यालयों के संचालन में अनेक चुनौतियां हैं, जिनके समाधान के लिए समाज के भामाशाहों को आगे आना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्था को बच्चों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। स्थाई लोक अदालत के सदस्य अमित पंचौली ने आम आदमी के लिए उपयोगी विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं की जानकारी दी। नेक कमाई फाउंडेशन की संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि संस्था द्वारा विद्यालय के बच्चों को समय-समय पर जर्सी, जूते एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा कार्य वास्तव में पुनीत है। भ्रष्टाचार निरोधक संस्था के प्रदेशाध्यक्ष समाजसेवी गोपाल जायसवाल ने कहा कि संस्था के बच्चों को गोद लेकर उनके समग्र विकास के लिए कार्य किया जाएगा। भाजपा नेता एवं समाजसेवी पवन जैन ने दो बच्चों को गोद लेने तथा उन्हें ड्रेस उपलब्ध कराने की घोषणा करते हुए कहा कि ऐसे बच्चों की आवाज सीधे परमात्मा तक पहुंचती है, इसलिए समाज का दायित्व है कि हम सब इनके सहयोग के लिए आगे आएं। इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए रामबाबू ओझा, युवा तारेश जोरवाल, रेखा महलावत, गुरप्रीत सिंह पवित्र, संगीता सिंह, निशा ज्योति शर्मा, युवा विपिन सेतिया एवं राजेश जोशी को सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान पायल प्रधान ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रेखा महलावत ने किया।

# 'न्याय आपके द्वार' अभियान का विधिवत शुभारंभ

### जिला न्यायालय परिसर में कैनोपी का उद्घाटन



**अलवर।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (इस्र), जयपुर के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित 'न्याय आपके द्वार - लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विशेष जागरूकता कैनोपी का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री अनंत भड़ारी, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर ने कैनोपी का उद्घाटन किया। अपने मुख्य संबोधन में उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न्याय व्यवस्था को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है, ताकि लोक उपयोगिता से जुड़े विवादों का समाधान शीघ्र एवं सरल रूप से किया जा सके। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहन लाल सोनी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि भामाशाहों के सहयोग से स्थापित यह कैनोपी जिला न्यायालय परिसर में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर लगाई जाएगी। इसके साथ ही शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मोबाइल कैनोपी के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पैरा लीगल वालंटियर्स एवं अधिकार मित्रों की सहायता से आमजन को जानकारी देकर उनके आवेदन पत्र स्थाई लोक अदालत में प्रस्तुत कराए जाएंगे। कार्यक्रम में श्री अनीश दाधीच, न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय संख्या-01, अलवर, श्री गजेन्द्र पाल मोगा, अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत, अलवर, अभिमन्यु सिंह चौहान, अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, जिला अलवर, महेश कुमार गोठवाल, चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (स्ब्क्ष्ट) सहित एलएडीसी टीम के सदस्य तथा प्रशिक्षु विधि विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों ने 'न्याय आपके द्वार' अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## नेताजी सुभाष बोस की जयंती पर पथ संचलन का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मिट्ठू लाल शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 230 छात्र-छात्राओं ने घोष के साथ पथ संचलन में हिस्सा लिया।जगह -जगह नगर वासियो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। केसरिया साफों के साथ झांसी की रानी का दल आकर्षण का केंद्र रहा। संचलन की शुरुआत के मौके पर लक्ष्मी नारायण ब्रह्मभट्ट, नंदलाल धाकड़, नंद लाल धाकड़ भवानी शंकर शर्मा, ओम विजयवर्गीय, संजय टांक , चन्द्रशेखर मेवाड़ा, नवीन जैन, उदयलाल कोली व प्रहलाद सोनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर धौलपुर में श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक आयोजन किया गया। पैलेस रोड स्थित गणेश मंदिर, भार्गव वाटिका में विश्व हिन्दू परिषद धौलपुर के संयोजकत्व में 21 जनवरी को श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ, जो 22 जनवरी को हवन व प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुआ। जिला सत्संग प्रमुख आकांक्षा भार्गव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन के समापन अवसर पर विधिवत हवन किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद भरतपुर विभाग के मंत्री नरेन्द्र त्यागी, मातृशक्ति संयोजिका रजनी गोयल, जिला सत्संग प्रमुख आकांक्षा भार्गव, ममता श्रीवास्तव, प्रखंड मंत्री अशोक कुलश्रेष्ठ, समन्वय प्रमुख श्याम सुंदर मंगल, क्षेत्रीय प्रमुख ग्राहक पंचायत भगवती प्रसाद सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने श्रीरामचरितमानस पाठ, हवन व प्रसाद वितरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।




## सड़क सुरक्षा माहः दुपहिया वाहनों पर स्टिकर लगाए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन वं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर व यातायात पुलिस की ओर से 1 जनवरी से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है । जिसके अंतर्गत दुपहिया वाहनों पर स्टिकर लगाए गए। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि हमारा प्रयास जिले के सभी क्षेत्रों में यातायात को लेकर आयोजन कराए जाए, अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सकें। इसके लिए टीम वर्क के रूप में कार्य किया जा रहा है यातायात विभाग के साथ मिलकर नियमित समझाइए अभियान चलाया जा रहा है विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। गुरुवार को गुलाब बाग ट्राफिक पॉइंट पर दो पहिया वाहनों पर गुड्स सेमिरेटन जागरूकता स्टिगर लगवाए जा रहे हैं। इस योजना को जन-जन तक पहुंचने में आमजन की भागीदारी महत्वपूर्ण है इसलिए परिवहन विभाग सभी से अपील करता है कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं जिससे सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से उपचार मिल सके और अकाल मृत्यु से बचाव हो सके।

## नारायण विहार में दीवार गिरने से कमरे की पट्टियां ढहीं, भैंस की मौत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर की नारायण विहार कॉलोनी में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कॉलोनी स्थित एक मकान की पीछे की दीवार अचानक गिर गई, जिससे मकान में बने दो कमरों की पट्टियां भरभरा कर ढह गईं। हादसे में एक कमरे में बंधी दुधारू भैंस पट्टियों के नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे कमरे की पट्टियां अधर में लटक गईं। गनीमत रही कि जिस कमरे के नीचे परिवार और बच्चे सो रहे थे, वहां पट्टियां नहीं गिरीं और सभी की जान बच गई। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मकान मालिक उदय सिंह पुत्र जगदीश, निवासी नारायण विहार कॉलोनी (बनस्थली स्कूल के पास, प्यारे का अड्डा) ने बताया कि पीछे के एक कमरे में भैंस बंधी थी, जबकि दूसरे कमरे में परिवार सो रहा था। अचानक दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन जागे और तुरंत बाहर निकल आए। हादसे में भैंस की मौत के साथ ही चारपाई, बक्सा सहित घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नारायण विहार कॉलोनी रेलवे ट्रैक के सहारे बसी है, जहां वर्षों से जलभराव की स्थायी समस्या बनी हुई है। रेलवे ट्रैक पर बनी पुलिया बंद होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

# घुमंतु, अर्ध-घुमंतु व विमुक्त समुदाय के लिए पहचान दस्तावेज शिविर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले की बाड़ी उपखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नकसौदा के ग्राम जम्हूरा में मोगिया समुदाय के लिए घुमंतु, अर्ध-घुमंतु व विमुक्त समुदाय के लिए पहचान दस्तावेज निर्माण व आवासीय पट्टा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वर्षों से पहचान दस्तावेजों व स्थायी निवास से वंचित समुदाय को प्रशासनिक पहचान प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ। शिविर में धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी. टी., जिला परिषद सीईओ आव्हाद निवृति सोमनाथ, देवेंद्र सिंह जांगल समाज कल्याण अधिकारी धौलपुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी के नेतृत्व में, खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार शर्मा व तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोगिया समुदाय के पात्र परिवारों को निःशुल्क आवासीय पट्टों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें स्थायी निवास का अधिकार व भारतीय नागरिकता की पहचान का ठोस प्रमाण प्राप्त हुआ। यह दिन समुदाय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार बन गया।बशिविर के दौरान घुमंतु पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण के लिए आवेदन स्वीकार किए गए।प्रशासनिक अमले की ओर से मौके पर ही प्रक्रिया को सरल बनाते हुए अधिकतम दस्तावेज तैयार करने का प्रयास किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में युवा चेतना फाउंडेशन, धौलपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था की ओर से पूर्व में ग्राम स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया और शिविर स्थल पर दस्तावेज निर्माण के लिए फॉर्म भरवाकर समुदाय को संपूर्ण प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्था की ओर से रामदास तरुण (प्रेसिडेंट), कप्तान सिंह (परियोजना समन्वयक), फील्ड समन्वयक मनीष कुमार आशावाई, राधा, विश्वेंद्र सिंह, रामनिवास व अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया। उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी ने समुदाय को आश्वस्त किया कि अधिकतम दस्तावेज शिविर में ही तैयार किए जाएंगे और शेष दस्तावेज भविष्य में भी बनवाए जाएंगे। उन्होंने समुदाय के बच्चों को विद्यालय भेजने एवं विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में पी. ओ. फिरोज खान, सरपंच अनिता मीना, ग्राम विकास अधिकारी बने सिंह मीणा, हरीश पाठक गिरदावर, पटवारी लोकेंद्र पोसवाल, मुकेश सिंह सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, कैलाश मीणा, सौरभ मित्तल, मोहर सिंह, नरेंद्र कुमार, भारत मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। यह शिविर घुमंतु व विमुक्त समुदाय के सामाजिक समावेशन, अधिकार संरक्षण एवं समग्र विकास की दिशा में एक प्रभावी और सराहनीय कदम सिद्ध हुआ।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंः श्रीनिधि बी टी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला अभिसरण समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में डीओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थी समाज का सबसे संवेदनशील ग्रुप है। इसलिए सभी केंद्रों पर आधारभूत सुविधा बिजली, पानी, शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए साथ ही जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थान उपलब्ध है जिला परिषद से समन्वय कर पोषण वाटिका विकसित की जाएं।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर इस क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं वेदांता फाउंडेशन, जेएसआई फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग, वात्सल्य इत्यादि के सहयोग से समुदाय की सहभागिता बढ़ाई जाए। विभिन्न विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रभावी पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने सभी सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों की छतों की नियमित साफ सफाई कराए जाने व मरम्मत कार्यों के नियमित पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अव्हाद निवृति सोमनाथ ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी, पोषाहार की विविधता पर चर्चा की। नन्दघर फाउंडेशन की प्रतिनिधि प्रियंका शर्मा ने जिले में नन्दघर की प्रगति पर चर्चा की, इस सम्बंध में जिला कलक्टर ने जिले में अधिकतम केंद्रों को नन्दघर बनाने के लिए सुझाव दिया। जेएसआई के प्रतिनिधि नीरज अग्रवाल ने बालवर्धन प्रोजेक्ट पर प्रस्तुतिकरण कर प्रगति पर चर्चा की साथ ही आगामी माहों में विभाग के सहयोग से आहार की विविधता तथा फील्ड कार्मिकों के क्षमता वर्धन की कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने प्रेरणा अभियान तथा अन्य अंतर्विभागीय मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता राजकिरण यादव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चेतराम मीणा, विद्युत विभाग से सहायक अभियंता किरण कुमारी, उप निदेशक जनसम्पर्क विभाग राजकुमार मीना, सीडीपीओ राजाखेड़ा अविनेश कुमार, बाड़ी से अर्पित श्रीवास्तव, बसेड़ी से रत्नेश यादव, मांगीलाल आर्य, भगवान सिंह कुशवाह, विमल मुद्गल, नरगिस, अभय, जफर अली, गायत्री किरार सहित ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

## संविदा कर्मियों का मानदेय बढ़ाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिख कर संविदा कर्मियों व ठेके पर लगे हुए कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए बताया कि इनका मानदेय इतना कम होता है कि परिवार चलाना तो दूर की बात है स्वयं का खर्चा चलाना भी मुश्किल होता हैं। संविदा व ठेके पर लगाए गए कर्मचारियों की समय सीमा तय किए जाने के साथ ही सरकार की ओर से संविदा ठेका पद्धति समाप्त करने और उनके स्थान पर नई भर्तियां निकालने की मांग भी की। वहीं आयुर्वेद वैद्यों के भविष्य को भी ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय कराकर इन्हें भी राहत प्रदान की जाए।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ी

**जयपुर(कास)।** जयपुर जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि., जयपुर के अवधिपार ऋणियों के लिए लागू मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 की अवधि को बढ़ाकर अब 31 मार्च 2026 तक कर दिया गया है। बैंक की सचिव रजनी गुप्ता ने बताया कि जिले के कुल 881 पात्र ऋणियों में से अब तक 268 ऋणियों की ओर से अपनी देय राशि 641.27 लाख रुपये बैंक में जमा करवाई जा चुकी है, जिसके एवज में उन्हें 719.09 लाख रुपये की अवधिपार ब्याज की छूट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ अब तक जिन पात्र ऋणी किसानों को नहीं मिल पाया है, वे 31 मार्च 2026 तक बैंक में अपनी निर्धारित देय राशि जमा करवाकर राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त ब्याज राहत का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने व ऋण भार कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आवश्यकता

रामा कृष्णा टी. टी. कॉलेज सांगानेर

जयपुर हेतु आवश्यकता है

प्रवक्ता, विषय

| | |
|---|---|
| लोक प्रशासन | रसायन विज्ञान |
| राजनीति विज्ञान हिन्दी, | वाणिज्य |
| भूगोल | गणित |

योग्यता एवं वेतन मानदण्डानुसार

संपर्क- 9983678889, pssha58@gmail.com

## जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में संचालित आधार केन्द्रों की समीक्षा के साथ संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि आधार सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जिले में संचालित आधार केन्द्रों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन को बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग तथा 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेट करने के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को समस्त निजी एवं सरकारी विद्यालयों को आवश्यक आदेश जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर विद्यालय स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान 18 वर्ष से अधिक नागरिकों के आधार नामांकन के लिए जिला स्तर पर आधार सेंटर स्थापित करने पर विचार किया गया। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शिविरों की समीक्षा, इन-हाउस मॉडल के अंतर्गत आधार सेंटर स्थापना, आधार में ओवर चार्जिंग व अनियमितताओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि सभी रजिस्ट्रार यह सुनिश्चित करें कि उनके आधार ऑपरेटर सरकार की ओर से निर्धारित गाइडलाईन के अनुसार ही सेवाए प्रदान करें। इसके अतिरिक्त समय-समय पर उनका औचक निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। सभी विभाग खुदाई करने से पूर्व सीबीयूडी ऐप पर खुदाईकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन करके इन्क्वायरी जनरेट करें ताकि संबंधित विभागों की खुदाई की पूर्व सूचना मिल सके। सभी विभागों आरजीडीपीएस के तहत निर्धारित समय सीमा में सर्विस डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपखण्ड अधिकारी कर्मवीर सिंह, पुलिस उप अधीक्षक कृष्णराज जांगिड़, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल, महिला व बाल विकास विभाग के उप निदेशक भूपेश गर्ग, सूचना प्रौद्योगिकी व संचार संयुक्त निदेशक बलभद्र सिंह, बैंक प्रतिनिधि, डाक विभाग सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी के निर्देशन में सीएलजी बैठकों का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व पुलिस कार्यो में जनसहयोग के संबंध में सामुदायिक पुलिसिंग से जुड़े हितधारकों सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्र एवं ग्रामरक्षकों के साथ जिले के सभी थानों पर बैठकों का आयोजन किया गया। थाना स्तर की उक्त बैठकों को जिला स्तर व राज्य स्तर आनलाइन कनेक्ट कर राष्ट्रीय एकता व पुलिस के कार्यों में जनसहयोग विषय पर व्यापक संवाद किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास ने बताया है कि राष्ट्रीय एकता एवं पुलिस के कार्यों में जनसहयोग' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन सामुदायिक पुलिसिंग, एकता, अखंडता और अपराध मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के कार्यक्रम पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने और एक सुरक्षित वातावरण बनाने में मदद करते हैं। भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि हर नागरिक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और धार्मिक एकता को बढ़ावा दे, क्योंकि यह एक सुरक्षित और प्रगतिशील राष्ट्र के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया है कि पुलिस का मूल कर्तव्य कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों को रोकना और नागरिकों के जीवन व संपत्ति की रक्षा करना है। इसमें जन जनसहयोग का विशेष महत्व होता है। पुलिस अकेले हर अपराध को नहीं रोक सकती। इसलिए, शांति समितियों, सुरक्षा सखियों, सीएलजी सदस्यों और आम नागरिकों का सहयोग पुलिस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए पुलिस सभी को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अशांति या अपराध की तत्काल पुलिस को सूचना देनी चाहिए, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत आंतेला
पंचायत समिति विराटनगर

क्रमांकः- ग्रा0प0 / 2025 - 26/06 दिनांक :- 17.01.2026

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत आंतेला द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मों/संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP2526WSOB02159 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp. rajasthan. gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है ।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत आंतेला

प्रशासक
ग्राम पंचायत आंतेला

कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा
पंचायत समिति विराटनगर

क्रमांकः- ग्रा0प0 / 2025 - 26 / 83 दिनांक :- 17.01.2026

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत जयसिहपुरा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP2526WSOB02160 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan. gov.in and eproc. rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा

कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी गैसकान
पंचायत समिति विराटनगर

क्रमांकः- ग्रा0प0 / 2025-26/118 दिनांक :- 17.01.2026

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ढाणी गैसकान द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मो / संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP 2526WSOB02158 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी गैसकान
पंचायत समिति विराटनगर

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी गैसकान
पंचायत समिति विराटनगर

## भाजपा के राज में भाजपा पार्षद की भूख हड़ताल जारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का धरना लगातार जारी है। धरने पर भाजपा पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है। लगातार 18 वें दिन चल रहे धरने पर पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, प्रेम स्वामी, रविन्द्र पांडे, प्रदेश वाल्मीकि, हरीश ढेनवाल, बल्लू तेजी, महेश जोशी, नरेन्द्र प्रजापत सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## खबर छपी तो जागा प्रशासन, पोल पर 4 हाई मास्क लाइट्स



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय चापटिया तलाई के पास स्थित राजकीय नवीन स्कूल के सामने वार्ड न 49 में लगी हाई मास्क लाईट अपनी जगह से गायब है। इस प्रकार का समाचार गुरुवार को जयपुर टाइम्स में छपने के साथ ही नगरपरिषद प्रशासन हरकत में आया। भाजपा नेता शिव भगवान चौहान ने बताया कि 3 महीने से यहां पर लाइट्स की बजाय केवल पोल खड़ा हुआ था। समाचार आने के साथ ही 4 लाइट्स लगी हैं। शिव भगवान चौहान ने मीडिया और नगरपरिषद प्रशासन का धन्यवाद जताया है।

## अस्पताल में प्रदान किए 6 कंप्यूटर सेट



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के सफल संचालन के लिए बजरंगलाल, महावीर तापड़िया, सुप्रीम फाउण्डेशन जसवंतगढ़ की ओर से राजकीय बगड़िया अस्पताल में 6 कम्प्यूटर, सीपीयू, प्रिन्टर यूपीएस सेट भेंट किए गए हैं। कार्यवाहक पीएमओ डॉ. दिलीप सोनी ने इसके लिए भामाशाह का आभार जताया तथा भविष्य में जनहित के लिए इसी प्रकार सहयोग करने की अपेक्षा की। 6 कम्प्यूटर सेट की सहायता से फतेहपुरिया अस्पताल में, 4 चिकित्सकों के लिए बगड़िया अस्पताल में, दन्त रोग विभाग में 2 चिकित्सकों के कक्ष में आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के अन्तर्गत डॉक्टर्स के ओपीडी कक्ष में मरीजो को ऑनलाईन प्रिस्कीप्सन दवा पर्ची का कार्य अतिशीघ्र शुरू किया जायेगा। इससे पहले सुप्रीम फाण्डेशन की ओर से आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के अन्तर्गत 10 नर्सिंग ऑफिसर मय कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध करवायें गये, जो चिकित्सकों के ओपीडी कक्ष में ऑनलाईन प्रिस्कीप्सन दवा पर्ची का कार्य कर रहे है। अस्पताल परिसर में आयोजित सादे कार्यक्रम में सुप्रीम फाउण्डेशन के प्रतिनिधि जयसिंह, श्याम, मनोज सोलंकी, नर्सिंग अधीक्षक अन्नाराम गोदारा, बजरंगलाल वर्मा, लेखाधिकारी, जगदीश प्रसाद, स्टोरकीपर प्रकाश पारीक, आईटी विभाग के सहायक प्रोग्रामर हरिकृष्ण बिस्सू, विश्वजीत सिंह, कमलेश मण्डावरिया, अमित कुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मेगा हाइवे पर दो बसों की भिड़ंत, आधा दर्जन यात्री घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में दो बसों की भिड़ंत में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई तथा हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता रामवीरसिंह राईका ने घटना से पुलिस को अवगत करवाया, जिस पर रतनगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। कांग्रेस नेता राईका ने बताया कि रोडवेज बस अजमेर से सरदारशहर की तरफ जा रही थी। वहीं स्लीपर बस हनुमानगढ़ से जयपुर की ओर जा रही थी। जैसे ही रोडवेज शहर के बस स्टैंड रवाना होकर मेगा हाइवे पर टी पॉइंट के पास पहुंची, तो स्लीपर बस से भिड़ंत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों बसों में सवार करीब पांच-छह यात्रियों के चोटें आई है। घटना में दोनों बसों के शीशे टूट गए तथा मेगा हाइवे पर जाम लग गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दोनों बसों में करीब 100 यात्री सवार थे। मौके पर पुलिस ने आवागमन को दुरुस्त करवाया।

# तकनीकी दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही भविष्य की सफलता की कुंजी : पारीक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएम श्री राजकीय गिरधारी लाल शिवलाल टांटिया विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय वार्ताकार डॉ. अविनाश पारीक का प्रेरक उद्बोधन आयोजित किया गया। अपने रोचक व्याख्यान में डॉ. पारीक ने नवीन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों, कैरियर मार्गदर्शन से जुड़े विभिन्न शैक्षिक ऐप्स, नवीन पाठ्यक्रमों तथा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तकनीक के साथ तालमेल बिठाकर जीवन को बेहतर बनाने के उपाय बताए।



डॉ. पारीक ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रश्न पूछने, जिज्ञासाओं का समाधान करने, विषय ज्ञान बढ़ाने तथा निरंतर आत्मप्रेरणा के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही भविष्य की सफलता की कुंजी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार पारीक ने कहा कि डॉ. पारीक का व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इससे यह संदेश भी मिलता है कि हिन्दी माध्यम से पढ़कर भी उच्च पदों तक पहुँचा जा सकता है और तकनीक के माध्यम से जीवन को उन्नत बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के प्रदर्शन और क्षमता को अधिकतम करना, उनके कौशल का विकास करना तथा गणित, विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करना है। कार्यक्रम में उप्राचार्य राजकुमार माली, रेणु शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ विकास पारीक, रेखा पुरोहित, मुन्नी शर्मा, सोनम, जुल्फैन, राजकुमार पालीवाल, संत कुमार बाना, कृष्णगोपाल, ताराचंद शर्मा, आशाराम, राजेंद्र, राजवीर, मनीष, उर्मिला, नम्रता, शशिकांता, कुमकुम, इंदरचंद चिरानिया, नंदलाल पारीक, जाकिर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी राकेश सांकृत्य ने किया।

## विशेषज्ञ वार्ता, विज्ञान मेला और गणित-विज्ञान सर्कल की विविध गतिविधियों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को छात्राओं में विज्ञान व तकनीक के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विशेषज्ञ वार्ता, विज्ञान मेला तथा गणित-विज्ञान सर्कल की विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने की। मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी शोभा बहन, डॉ. सुमन जाखड़ (सीबीईओ), सुनील शिवराण (एसीबीईओ प्रथम), यूसीईओ पुरुषोत्तम बलौदा व आरपी कलावती खीचड़ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईसीई कंप्यूटर सेंटर से धर्मपाल वर्मा, एसडीएमसी सदस्य नंदू सोनी, सतीश शर्मा तथा ब्रह्मकुमारी पूनम बहन उपस्थित रहीं। बीकानेर से पधारे अंतरराष्ट्रीय वार्ताकार रवि अग्रवाल तथा राष्ट्रीय वार्ताकार गणेश गोविंदम और पंकज गोदारा ने प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल व रोचक ढंग से समझाया। एयर शो के दौरान छात्राओं को वायुयान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया, वहीं फाइटर प्लेन की कलाबाजियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। विज्ञान मेले में छात्राओं ने वैन डी ग्राफ जेनरेटर, टेस्ला कॉइल, सीटिंग व चरखा



जनरेटर, डिजिटल माइक्रोस्कोप, डीएनए संरचना सहित अनेक वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। खेल-खेल में गणितीय संक्रियाओं के जरिए पहेलियाँ हल कराई गईं और विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इस अवसर पर सीबीईओ कार्यालय की ओर से उत्कृष्ट आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने छात्राओं से विज्ञान को पर्यावरण से जोड़ने, अंधविश्वासों से दूर रहने और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी शकुंतला रानी व सहप्रभारी विमलेश चन्द्र ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन अनिता देवी ने किया।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर हजारों विद्यार्थियों ने निकाला पथ संचलन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री रामगोपाल गाड़ोदिया उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर व सुरजकुमारी गाड़ोदिया व गोपालकृष्ण शास्त्री आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन को विद्यालय से स्थानीय समिति के अध्यक्ष भानीराम प्रजापत कोषाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार, हनुमानप्रसाद प्रजापत, श्यामनारायण राठी, व्यवस्थापक राजेन्द्र पथानिया, अंकित, प्रेमप्रकाश तूनवाल, भारतभूषण तूनवाल, आदित्य कंदोई, श्यामसुंदर क्याल, रामरतन बोचिवाल, वीणा भोजक, विकास चौहान प्रधानाचार्य पवन कुमार पारीक, अमित मूंधड़ा, पुष्पा शेखावत, दीपा टेलर, बसंती सोमानी, राजकुमारी शर्मा, रामकरन पारीक, जयनारायण प्रजापत, शिवरतन शर्मा, गणपतराम, विशाल जैन



ने ओम पताका फहराकर रवाना किया। संचलन का पी सी बी स्कूल के सामने त्रिवेणी संगम हुआ। जहां हजारों विद्यार्थियों का भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, एडवोकेट मनीष दाधीच, भाजपा नेता शिव भगवान चौहान, श्रवणसिंह, यशोदा प्रजापत, गौरव इंदौरिया, मुरारी, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। उसके बाद घंटाघर होते हुए विद्यालय में समापन हुआ। शहर के विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचलन में सुभाष चंद्र बोस, रामदरबार रानी लक्ष्मीबाई की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यों व भैया-बहिनों का सहयोग रहा।

## 33 दिन में 4112 किमी साइकिल यात्रा कर चूरू पहुंचे निखिल व ललित का किया भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** साहस, जुनून, जोश, जज्बा और मन में कुछ कर गुजरने की ललक हो तो मंजिल अपने आप मिल जाती है। इसी कथन को सार्थक किया है चूरू के ललित जांगिड़ और पलसाना के निखिल जांगिड़ ने। कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4112 किमी साइकिल यात्रा कर चूरू पहुंचने पर गुरूवार को शहरवासियों ने इन्द्रमणि पार्क में उनका भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। इस दौरान विधायक ने दोनों जाबांजों का माला पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि बर्फीले पहाड़ों से समंदर के तट तक का यह सफर केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि फिट इंडिया का एक जीवंत संदेश है। इन जाबांजों की इस उपलब्धि से देश के लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र व युवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव बी.एन. राजोतिया ने बताया कि यह यात्रा 11 राज्यों से होकर गुजरी। इस दौरान युवाओं ने घने जंगलों, रेगिस्तान और दुर्गम पहाड़ियों का सामना किया। रात्री को जंगलों में टेंट लगाकर विश्राम कर हर बाधा को पार करते हुए लक्ष्य हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान जब ललित और निखिल ने रास्ते की कठिनाइयों और अपने अनुभवों को साझा किया, तो उपस्थित जनसमूह रोमांचित हो उठा। बेटों की इस सफलता को देख पिता और भाई संजय जांगिड़ की आंखें नम हो गई। तारानगर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश जांगिड़ ने भी दूरभाष के माध्यम से युवाओं को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधक समिति के नरोत्तममल जांगिड़ ने की। इस अवसर पर भंवर लाल चोयल, चिरंजीलाल गहलोत, संदीप जांगिड़, अनिल खारिया, ओमप्रकाश खारिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बने हेमंत कुमावत

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़।** पत्रकारिता जगत के लिए हर्ष का विषय है कि पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पद पर दांतारामगढ़ निवासी वरिष्ठ



पत्रकार हेमंत कुमावत को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेशभर के पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। हेमंत कुमावत लंबे समय से पत्रकारों के हितों, सुरक्षा व अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। संगठन को उनके नेतृत्व में पत्रकारों की समस्याओं के प्रभावी समाधान व संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उनकी नियुक्ति पर जिलेभर के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयाँ दीं और उनके सफल व उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## ट्रैन की चपेट मे आने से बुजुर्ग महिला की मृत्यु

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस ट्रैन के आगे आने से सुजानगढ़ छापर रेलवे ट्रेक पर एक महिला की मृत्यु हो गई। आर पी एफ के इंचार्ज रविंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक सिकंदर, बबलू आदि रेलवे स्टेशन पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोरचरी मे रखवाया। सुजानगढ़ कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ मौक़े पर पहुंचे। उक्त महिला की शिनाख्त कमला पत्नी मदनलाल ढोली, उम्र 60 वर्ष, निवासी सम्राट छापर रेलवे ट्रेक के पास सुजानगढ़ के रुप में उनके परिजनों ने की। गुरुवार सुबह ही वो घर से निकली थी जो पटरी पार करते समय ट्रैन की चपेट मे आ गयी। ट्रैन के गार्ड ने शव को सुजानगढ़ रेलवे प्लेटफार्म तक पहुँचाया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रही है कि वृद्ध महिला मानसिक रूप से कमजोर थी।

## नाथ समाज का सामाजिक सुधार की दिशा में अहम कदम

## नाथ समाज ने मृत्यु भोज पर लगाई रोक, सर्वसम्मति से लिया निर्णय

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निंस.)** पाटन क्षेत्र में नाथ समाज ने एक सराहनीय सामाजिक निर्णय लेते हुए मृत्यु भोज की परंपरा को पूर्णतः बंद करने का फैसला किया है। इस संबंध में सोमवार को पाटन स्थित शिव मंदिर परिसर में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पाटन व जोगीवाला क्षेत्र के नाथ समाज के सभी भाई-बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी परिवार में मृत्यु उपरांत भोज का आयोजन नहीं किया जाएगा। समाजजनों ने इसे आर्थिक बोझ और अनावश्यक सामाजिक दबाव से मुक्ति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। नाथ समाज पाटन के वरिष्ठजनों ने कहा कि इस निर्णय से समाज में सादगी, समानता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शोक की घड़ी में शोकाकुल परिवार पर पड़ने वाले अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिलेगी। समाज के सभी उपस्थित सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए इसे पूर्ण रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। नाथ समाज पाटन का यह निर्णय क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।

## बोर्ड परीक्षाओं की अनदेखी कर किए व्याख्याताओं के ट्रांसफर

### नरोदडा में नियुक्त 4 व्याख्यातों को लगाया दूरस्थ स्थानों पर

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** विचित्र विडंबना है कि बोर्ड परीक्षा के दस्तक देने के दौरान व्याख्याताओं के ट्रांसफर कर राजनीतिक दुर्भावनाओं को दर्शाया है। सरकार को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। शैक्षणिक सत्र के बीच में ट्रांसफर करना सरकार की ओछी सोच का परिचायक है। राजनैतिक दुर्भावना से किए गए स्थानांतरण को प्रशासनिक प्रक्रिया बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के चहेते लोग 15 सालों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं। गांव के प्रदीप दाधीच ने बताया 100 प्रतिशत रहा है परिणाम।पिछले एक दशक में गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100' रहा है लेकिन इस कदर सत्र के बीच ट्रांसफर करने से प्रतिशत में कमी आएगी। अभी रिवीजन चल रहा है और बच्चों को निश्चित रूप से परेशानी होगी।

## ट्यूबवैल का शुभारंभ, अब नहीं रहेगा पेयजल संकट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 26 के मावा गली में पानी की समस्याओं के समाधान को लेकर ट्यूबवेल बनाकर स्थाई समाधान करने पर वार्ड में पानी की समस्या नहीं रहेगी। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, जलदाय विभाग के एक्सईएन रामदेव पारीक ने ट्यूबवेल का शुभारंभ किया। वार्ड में ट्यूबवेल के शुभारंभ पर कमल नाई, सुमेरमल कम्मा, मंगलाराम जाट, आदूराम, राजेश सोनी, जयप्रकाश सोनी, गोरूराम सोनी सहित अनेक वार्ड के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।


## निजी कॉलेजों की मनमानी के खिलाफ एसएफआई छात्र संगठन का प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में निजी कॉलेजों कि मनमानी के खिलाफ छात्र संगठन एसएफआई ने एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। जिला सचिव संदीप भारतीय ने बताया कि चौधरी एआर कॉलेज व शहर के सभी कॉलेज शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। छात्रों का एडमिशन छात्रवृत्ति के आधार पर होने के बाद भी छात्रों के परीक्षा फार्म व मूल दत्तावेज लेने के लिए हजारों रुपए की मांग कर रहे है। एआर कॉलेज के पास कॉलेज व स्कूल संचालन के लिए बिल्डिंग व स्टाफ नहीं है। कॉलेज और स्कूल एक ही बिल्डिंग में चला रहे है। छात्रों ने कहा कि अगर दो दिन बाद कोई समाधान नहीं होता है तो उपखंड कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन धरना। दिया जाएगा। इस अवसर पर भरतराज बरोड़, अनिल बरोड़, राजकुमार, ओमप्रताप, मनोज, विक्रम, लालचंद, लेखराम, श्यामलाल, अनिल सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे।

## सोना व कृष्णा का अंडर -19 राष्ट्रीय जूडो में चयन




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोलासर की 2 छात्राओं ने राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। कोच मामराज चाहर व प्रशिक्षक सुरेन्द्र पुनियां ने बताया कि 30 जनवरी से 3 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाली अंडर -19 राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में 36 किलो भारवर्ग में कृष्णा व 40 किलो भारवर्ग में सोना प्रजापत राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पहले ये छात्राएं गंगानगर के मल्टीपरपज स्कूल में विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही है। इस वर्ष विद्यालय से 5 बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर गांव में खुशी छा गई। गांव के लोगों वालों ने मिठाई खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया और कोच मामराज चाहर का आभार व्यक्त किया।

## तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्थापक दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्थापक दिवस श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि एवं भजनांजलि कार्यक्रम में संस्थापक भगवानदास तोदी को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव आशकरण शर्मा, प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, नथमल तोदी बी.एड. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीनू शेखावत, प्रबंध समिति सदस्य श्री राम शर्मा एवं सुरेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इस मौके पर सचिव महोदया सुनीता शर्मा, प्राचार्य महोदया ममता तंवर, रघुनाथ अस्पताल के व्यवस्थापक रघुनंदन पारीक, देवकीनंदन पारीक, श्यामसुंदर शर्मा, संदीप जोशी सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी संस्थापक के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुरातन छात्र पुष्पेन्द्र शर्मा व विकास सैनी तथा विद्यार्थियों दिव्या व्यास, नितिन जांगिड़, निखित, तनिशा, गौरव व सिमरन ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।समारोह में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, रेंजर्स-रोवर्स एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद शर्मा ने किया।

## रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में माय इंडिया माय वोट थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मेरा भारत मेरा वोट तथा वोट फॉर बेटर इंडिया तथा ए वोट फॉर इंडिया आदि विषयों पर छात्राओं ने रंगोली बनाई। कार्यक्रम में दीपिका, पूजा सुथार, भावना पारीक एवं विनोद वनसविता शर्मा, कोमल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सोनू माली, कोमल चांवरिया, सुमैया व सुमित्रा प्रजापत की टीम रही। वहीं तृतीय स्थान पर अंतिम, सिमरन, निर्मला जाट, निशा सैनी व शालू भाट की टीम रही। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ विक्रम सोनी व आशिता गढ़वाल ने निभाई। प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने समस्त प्रतिभागियों की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन ईएलसी प्रभारी नवीन कुमार पारीक ने किया।

### आरोग्यम 2026 राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेला

# डॉ सीके दीक्षित को मर्म चिकित्सा विशिष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेला आरोग्यम 2026 का राजधानी जयपुर स्थित शिल्प ग्राम जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयुष विभाग राजस्थान की ओर से चार दिवसीय मेले का गौरवमयी शानदार आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी व प्राकृतिक चिकित्सा से नागरिकों को लाभान्वित किया गया। चार दिवसीय आयुष मेले में लगभग 1,25,000 लोगो को आयुष चिकित्सा, परामर्श व स्वस्थ जीवन शैली की जानकारियां देकर लाभान्वित किया गया। राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेले में मर्म चिकित्सा क्लिनिक की सेवाएं आकर्षण का केन्द्र रही। आने वाले दर्द के मरीजों को परामर्श देकर जागरूक किया गया साथ ही मर्म चिकित्सा प्रदान की गई। मर्म चिकित्सा की टीम में आयुष विभाग जिला चूरू के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ चिरंजी कुमार दीक्षित ने उत्कृष्ट सेवाएं देकर आगंतुकों को लाभान्वित किया। डॉ चिरंजी कुमार दीक्षित की ओर से दी सेवाओं के लिए इन्हें आयोजन के नोडल अधिकारी व अतिरिक्त निदेशक जयपुर डॉ




बत्तीलाल बैरवा की ओर से प्रशस्ति-पत्र व शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य रहे कि आल इण्डिया आयुर्वेद एक्सपर्ट एशोसिएशन दिल्ली व विश्व आयुर्वेद परिषद के आजीवन सदस्य, वरिष्ठ आयुर्वेद व मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ चिरंजी कुमार दीक्षित ने मर्म चिकित्सा टीम में विशेषज्ञ के तौर सहभागिता की। डॉ दीक्षित को आयुर्वेद सेवाकार्य पारिवारिक विरासत में मिला है। इनके पिता वैद्यराज रामप्रसाद दीक्षित व पिताश्री वैद्यराज श्रीनिवास दीक्षित इस क्षेत्र के प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ रहे है। डॉ चिरंजी कुमार दीक्षित पूर्व में भी आयुष विभाग राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित आरोग्य मेले, ब्रिक्स समिट 2025, सीएमईज, अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सेमिनार्स, कॉन्फ्रेंसेज, वर्कशॉप्स व वेबिनार्स मे भाग लेते रहे है। आरोग्यम 2026 में प्रदेश के वरिष्ठ आयुष विशेषज्ञों, रिसर्च स्कॉलर्स, आयुष अध्येता व डेलीगेट्स ने भी उत्साह से सहभागिता की।

## दयानंद विद्या विहार में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय दयानंद विद्या विहार विद्यालय में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों की ओर से देशभक्ति गीत, भाषण एवं



सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनके त्याग, साहस व देशप्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें अनुशासन, आत्मबल और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हुई। कार्यक्रम में सैंकड़ों विद्यार्थी और शाला स्टाफ मौजूद रहे।

## रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व रेलवे महाप्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे को अलग अलग पत्र लिखकर रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगाने की मांग की है। महर्षि की ओर से लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत रतनगढ़ रेलवे स्टेशन का विकास व विस्तार किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि अमृत भारत योजनान्तर्गत पुनः विकसित किए जा रहे रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय कला, संस्कृति,धरोहर व महापुरुषों के जीवन वृतांत के अनुभव से भी यात्रियों को लाभान्वित किया जाए। रतनगढ़ के भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार ने युवावस्था में कलकत्ता में रहते हुए मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करने के बाद सनातन धर्म व संस्कृति के संरक्षण और प्रचार के लिए गीताप्रेस गोरखपुर की स्थापना की। भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार का सम्पूर्ण जीवन मां भारती की सेवा, धर्म व संस्कृति के प्रचार तथा समाजसेवा को समर्पित रहा, जो कि हम सभी के लिए अनंतकाल तक प्रेरणादायी रहेगा। महर्षि की ओर से लिखे गए पत्र में मांग की गई है कि क्षेत्रवासियों और सनातन प्रेमियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए रतनगढ़ रेलवे जंक्शन पर भाईजी हनुमान प्रसाद पौद्दार की प्रतिमा लगवाने, छवि चित्र और उनके जीवन वृतांत का उल्लेख करवाने आदि लगाए जाए।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नियन्त्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा विभाग चूरू**

क्रमांक : ना.सु./चूरू / मनोनयन / 2025-26 /975-81 दिनांक :- 21.0/-2026

**खुली निविदा सूचना**

नागरिक सुरक्षा विभाग चूरू में क्षमता संवर्धन के प्रशिक्षण हेतु अल्पाहार एवं भोजन उपलब्ध करवाने बाबत स्थानीय प्रतिष्ठित एवं सुस्थापित फर्मों से मोहरबन्द निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में RTPP ACT 2012 तथा RTPP rule 2013 के तहत आमन्त्रित की जाती है।

| क.सं. | सामग्री / कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रुपये लाखों मे | निविदा प्रपत्र शुल्क रुपयों में | बोली प्रतिभूति रुपयों में | निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत कराने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था | 5.30 लाख | 500 | 10600 | 29.01.2026 प्रातः 11.00 बजे तक | 129.01.2026 दोपहर 02.00 बजे तक | 29.01.2026 सायः 03.00 बजे |

1. प्राप्त निविदाऐ निर्धारित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जायेगी।
2. निविदा संबंधी प्रपत्र व शर्तें आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, कलेक्ट्रेट चूरू मे कार्यालय समय में एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति जिला कलक्टर, चूरू के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक द्वारा जमा करवाई जा सकती हैं।
4. बोली ऑफलाईन स्वीकार की जायेगी। पोर्टल पर बिड प्रपत्र डाउनलोड़ करने की स्थिति में बिड प्रपत्र शुल्क का डीडी भी साथ में संलग्न करना होगा ।
5. किसी भी निविदा को या उस निविदा के किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
6. उपरोक्त सामग्री की मात्रा अनुमानित है जिसमें कमी अथवा बढोतरी की जा सकती है । कमेटी उक्त अंकित किसी सामग्री की न्यूनतम मात्रा अथवा कोई सामग्री क्रय करनें के लिये बाध्य नही है ।
7. राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013, सामान्य वितीय एवं लेखा नियम तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी आदेशों में वर्णित नियम, शर्तें / प्रावधान लागू होंगे।

NIB :- CCH2526A0022
UBN :- CCH2526SSOB00037

DIPR/C/1168/2026

(अर्पिता सोनी)
अतिरिक्त जिला कलक्टर, चूरू

**कार्यालय ग्राम पंचायत उड़सर लोडेरा**

पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :-299-300 दिनांक :-21/01/2026

**ई निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत उड़सर लोडेरा में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526WSOB00324,
PDN2526WSOB00325

प्रशासक
ग्रा. प. उड़सर लोडेरा
प.स. सरदारशहर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. प. उड़सर लोडेरा
प.स. सरदारशहर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सांडवा**

पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक दिनांक - 21.01.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साण्डवा पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में वर्ष 2025-26 में विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp. rajasthan. gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा आमंत्रित की अंतिम दिनांक 29.01.2026 को दोपहर 12.00 तक रहेगी।

NIBNo ZCR2526A1376 UBN N- ZCR2526WSOB02372
NIBNo ZCR2526A1374 UBN NO- ZCR2526WSOB02370
NIB code ZCR2526A1377 UBN is- ZCR2526SSOB02373

प्रशासक
ग्राम पंचायत सांडवा
पं. स बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सांडवा
पं. स बीदासर (चूरू)

# कसवां व मंडेलिया का जन्मदिन मनाया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नई सड़क, चूरू पर व्यापारियो ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व सांसद राहुल कस्बा के जन्म दिवस चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने व्यापारियों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर रफीक मंडेलिया और राहुल कस्वा की माता पूर्व मंत्री कमला कसवा व इरसाद मडेलिया का शॉल, साफा, माला पहनाकर व आतिशबाजी करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित व्यापारियों ने राहुल कस्वा व रफीक मंडेलिया की स्वस्थ लंबी उम्र व तरक्की की कामना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर प्यारेलाल दानोदिया ने किया।

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना 46/2025-26 | पंच गौरव कार्यशाला हेतु टैण्ट, सजावट, बैठक एवं पेयजल व्यवस्था | 2.56 लाख | FOR 2526 WSOB 05029 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

राजस्थान सरकार

**कार्यालय तहसीलदार सरदारशहर**

क्रमांकः- भू-अ / 2026 / 5293 दिनांक 19.01-2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहि मौजा आसपालसर भैसेरा में पुराना खेत खसरा नं. 38 रकबा 41 बीघा नया खसरा नं. 61 रकबा 10.37 हैक्टेयर कुल तादादी 10.37 हैक्टेयर भूमि जो कि अजीमखां पुत्र मोलाबक्स जाति धोबी निवासी सरदारशहर के नाम खातेदारी दर्ज है। रोहि मौजा थिरियासर में पुराना खेत खसरा नं. 61 रकबा 7 बीघा 4 बिश्वा नया खसरा नं. 81 रकबा 1.82 हैक्टेयर व पुराना खेत खसरा नं. 102 रकबा 27 बीघा 01 बिश्वा नया खसरा नं. 134 रकबा 6.84 हैक्टेयर व कुल तादादी सरदारशहर के नाम खातेदारी दर्ज है। अजीमबक्स ने 80 वर्ष की उम्र में 8.66 हैक्टेयर भूमि भूमि जो कि अजीमा पुत्र मोला जाति धोबी निवासी 07.02.1981 को उक्त खेत खसरान की सम्पूर्ण भूमि को मोहम्म्द हनीफ, अब्दुल मजीद व नसीर अहमद पुत्रगण अजीमबक्स जाति सांखला (धोबी) निवासी सरदारशहर के नाम ब.हि.ब. वसियत की है। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 26.12.1982 को हो गया । प्रार्थीगण उक्त वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरकरण दर्ज और तस्दीक करवाना चाहता है। प्रार्थीगण का आवेदन इस कार्यालय में लम्बित है। अतः इस बाबत् अगर किसी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर असलतन या वकालतन हाजिर होकर अपना एतराज पेश करें। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा एवं प्रार्थना पत्र निस्तारित कर दिया जावेगा ।

तहसीलदार(भू.अ)
सरदारशहर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 5419-5433 दिनांक :- 15/01/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 49/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http// sppp. raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A5199

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB21032 | 2. | PWD2526WSOB21033 |
| 3 | PWD2526WSOB21034 | 4 | PWD2526WSOB21035 |
| 5 | PWD2526WSOB21036 | 6 | PWD2526WSOB21037 |

DIPR/C/1023/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्राचार्य, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूरू**

E-mail- girlscollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-252261
File/Bid No. 12/2025-26 Date 16-01-2026

**Corrigendum Notice Inviting Bid**

Bid for Open Man Power Hire (One Computer operator and Two Class IV Employee) have been invited from interested bidders up to 03:00 PM Dated 16-01-2026. As per revised/corrigendum it is now invited till dated 23-01-2026 at 03:00 PM. Other particulars for the bid may be viewed on the procurement portal (http//sppp.raj.nic.in) of the state. The appro&imate value of the procurement is RS. 4.00 lacs.
UBN- ECD2526SSOB00430
NIB CODE- ECD2526A0412

DIPR/C/1028/2026

(Dr. Champa Lal Verma)
Principal/Chairman
Govt. Girls College,
Development Committee, Churu

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/11846 दिनांकः- 13/01/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन ) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 3 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मदन पारीक पुत्र श्री राम पारीक जाति ब्राह्मण | वार्ड नं. 16 राजलदेसर | 211.81 वर्ग मीटर | 1396 | कृषि से आवासीय |
| 02 | श्री बंशीलाल पुत्र श्री रामेश्वरलाल रेगर जाति रेगर | वार्ड नं. 24 राजलदेसर | 106.65 वर्ग मीटर | 1428 | कृषि से आवासीय |
| 03 | श्री संजय कुमार पुत्र श्री रामेश्वरलाल रेगर जाति रेगर | वार्ड नं. 24 राजलदेसर | 106.65 वर्ग मीटर | 1428 | कृषि से आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

# प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर होगा विशेष शिविरों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** किसानों व पशुपालकों को राज्य सरकार की विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ल्नरू 2026 पहल के अंतर्गत प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का शुभारंभ बसंत पंचमी पर 23 जनवरी से होगा और यह अभियान 9 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिवस चलेगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि ल्नरू2026 के तहत जिले के प्रत्येक गिरदावर वृत्त में स्थित अटल सेवा केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत भवन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों व पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन, स्वीकृति एवं पंजीकरण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## बहुविभागीय सहभागिता से मिलेगा सीधा लाभः

जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं में आवेदन प्राप्त कर स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। सहकारिता विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं के आवेदन लिए जाएंगे। पशुपालन विभाग की ओर से मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत पशुपालकों का पंजीकरण, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करना तथा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना व दीनदयाल उपाध्याय योजना का सर्वे कार्य पूर्ण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत पंजीकरण किए जाएंगे। वहीं उद्योग विभाग द्वारा युवाओं के लिए युवा स्वरोजगार के लिए आवेदन तैयार करवाए जाएंगे। 23 जनवरी को भू-अभिलेख वृत्त झुंझुनूं, टमकोर, अरड़ावता, सूरजगढ़, मेंहाड़ा जाटूवास, बड़बर, चिराना, चंवरा, चूड़ी चतरपुरा, पिलानी एवं भैसावता खुर्द में शिविर आयोजित होंगे।

## राजस्थान हैल्थ यूनिवर्सिटी परीक्षामें मरुधर फार्मेसी कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बिसाऊ रोड़ स्थित मरुधर फार्मेसी कॉलेज चूरू का डी.फार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में राजेश कुमावत प्रथम स्थान पर रहा, जबकि मनोज द्वितीय व मुस्तफा तृतीय स्थान पर रहा। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर कॉलेज निदेशक संजीव ढुकिया ने छात्र छात्राओं व अध्यापकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य गोवर्धन पूनिया ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मरुधर आयुर्वेद कॉलेज से महेंद्र ढुकिया सुचित्रा कस्वा, शेखर शर्मा सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## गोल्डन मेमोरी ग्रुप ने पुत्री पाठशाला में दिया लेक्चर स्टैंड



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय सर्वहिकारिणी पुत्री पाठशाला उच्च माध्यमिक विद्यालय में गोल्डन मेमोरी ग्रुप चूरू की ओर से गुरूवार को एक लेक्चर स्टैंड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल शर्मा रहे। इस अवसर पर गोल्डन मेमोरी ग्रुप के किशन उपाध्याय, अजय लोहिया, मुकेश पिथिसरिया, महेन्द्र धानुका, राजपाल राठौड़, पवन शर्मा, बृजेन्द्र दाधीच, रामगोपाल कुदाल, नितेश शर्मा, प्रेरक अभिलाषा भाटी मौजूद थे। कार्यक्रम में राजेश कस्वां, विद्याधर, संगीता सिंधी, राजकुमार सिंह, जमुना शर्मा, मंजू सोनी आदि ने गोल्डन ग्रुप के पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य अमर सिंह कस्वां ने गोल्डन मेमोरी ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

## मंडेलिया के जन्मदिवस पर अपना घर आश्रम को राशि भेंट



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वैद्य त्र्यंबक शर्मा ने निराश्रित, बीमार, असहाय दिव्यांग, पीड़ितजनों की सेवार्थ संचालित अपना घर आश्रम को एक लाख ग्यारह हजार रुपए भेंट किए अपना घर आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि वैद्य त्र्यंबक शर्मा ने युनुस गौरी और मोसिन के साथ गुरुवार सुबह आश्रम में उपस्थित होकर यहां निवासरत प्रभुजनों के दर्शन किए और विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सहयोग राशि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर को समर्पित की। इस अवसर पर डॉ गोपाल दत्त शर्मा, महावीर रामगढ़िया और धर्मेंद्र पाल बघेल ने दानदाता अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। डॉ गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि आश्रम में ऐसे निराश्रित, दिव्यांग पीड़ितजनों का प्रवेश होता है जिनको संभालने वाला अपना स्वयं का कोई परिजन नहीं है। यहां प्रवेशित प्रभुजनों के आवास, वस्त्र, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से जनसहयोग से की जाती है।

## स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगरपालिका रतनगढ़ और विवोइस लैब्स की ओर से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर में स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य व स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज के दौरान गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, हाथ धोने की सही विधि तथा स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने ज्ञान का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शपथ ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर व आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। संस्था प्रधान नरेन्द्र सांकृत्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आईईसी गतिविधि प्रभारी आशीष स्वामी, अंकुश पंवार, प्रधानाचार्य नरेन्द्र सांकृत्य, अध्यापक रामचन्द्र सैनी, वंदना शर्मा, सरोज, संजय, मीनाक्षी, प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बिखरे लोक संस्कृति के रंग




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय सरगम 2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक के साथ-साथ साहित्यिक प्रस्तुतियां दी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. कमल सिंह कोठारी व प्रो. महावीर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रूपा शेखावत ने अतिथियों का स्वागत किया। सरगम के दूसरे दिन कविता पाठ, राजस्थानी लोकगीत गायन, अंताक्षरी व समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कविता पाठ में वरूण राजपाल ने प्रथम,कृष्णा कोका ने द्वितीय, राजस्थानी लोकगीत गायन प्रतियोगिता में हर्षित सोनी ने प्रथम व पुलकित चौधरी ने द्वितीय, अंताक्षरी प्रतियोगिता में मस्ताना ग्रुप के दक्षिता शर्मा व फैजल ने प्रथम व परवाना ग्रुप के खुशबू व पुलकित चौधरी ने द्वितीय, समूह नृत्य प्रतियोगिता में दक्षिता शर्मा ने प्रथम, जीतेश राज जांगिड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में शैक्षणिक स्तर विश्वविद्यालयी परीक्षा में कक्षा स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ, उपभोक्ता क्लब व खेलकूद प्रतियोगिताओं में अंतर विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की एम.ए. इतिहास की छात्रा ममता पुत्री राजेन्द्र कुमार को विश्वविद्यालय परीक्षा 2025 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में डॉ. प्रशान्त कुमार शर्मा, डॉ. प्रशान्त कुमार, विनित ढ़ाका, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, ममता वीणा, विनीता पारीक, सन्तोष बलाई, डॉ. मधुसूदन प्रधान, मोनिका शेखावत, शान्तनु डाबी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उम्मेद सिंह गोठवाल, डॉ. संजु झाझड़िया व पूजा प्रजापत ने संयुक्त रूप से किया।

## श्रीराम मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** खालासी मार्ग स्थित हेरिटेज सिटी में श्रीराम मंदिर का गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के तहत मंदिर में अखंड कीर्तन किया गया। इसके बाद मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा की। इसके बाद दोपहर सवा 12 बजे महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाद में विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटेनाथजी की मण्डी के पीठाधिश्वर नवीननाथ महाराज, भक्त नरोत्तम चोजारा, गणेश सैनी, बनवारीलाल कुमावत, संजय शर्मा, गोविन्द सोनी, उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, सरोज तुनवाल, माया, सुशीला, गायत्री, गौरव, आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उक्त धार्मिक कार्यक्रम की सफलता में आयोजक मंडल एवं समस्त कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने सेवा, समर्पण और समन्वय से इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के प्रमुख कार्यकर्ता संजीव वर्मा, मनोज कुमार भार्गव, महेंद्र कुमावत,अनुराग वर्मा, राहुल सैनी, हेमंत सैनी, पंकज सैनी, सुमित सैनी, करण सैनी, हिमांशु सैनी, संदीप सैनी,पुरुषोत्तम छापोला, संदीप छापोला, सुरेंद्र सैनी, पंकज जांगिड़, दीपक शर्मा और सुरेश सैनी आदि शामिल रहे।

# 37 दिन से जारी रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का समापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित नये बस स्टैंड पर इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से पिछले 37 दिनों से चल रहे रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का समापन बुधवार देर शाम समिति व्यवस्थापक इंजी. जाफर खान के नेतृत्व में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सहायक सचिव डॉ. शाहरुख खान आसलसर ने की। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि 37 दिनों तक चले इस अभियान में चूरू सहित शेखावाटी क्षेत्र के सभी शहरों व कस्बों में जरूरतमंद लोगों को 405 कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. शाहरुख खान ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना सबसे बड़ा नेक और पुण्य का कार्य है। समाजसेवी जाकिर खान केके ने कहा कि सामाजिक सरोकार में योगदान देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति के उप कोषाध्यक्ष मो. सलमान खान, निदेशक बिलाल खान, संरक्षक गुलाम हुसैन गौरी, समाजसेवी हमीद खान रिसालदार, डॉ. अख्तर खान, जावेद खान, इमरान खान, हसन खान, अबरार खान, जाकिर अली खान, सोयल खान, रेहान खान, समीर खान, जाहिद खान सहित समिति के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी सुलेमान मनियार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कन्या महाविद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के तत्वावधान में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इकाई सचिव अविनाश कुमार मील ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी से अवगत कराते हुए उन्हीं की भांति परिवार, संस्था, समाज व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को लेकर सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि हम सभी को हमारे पूर्वजों की अनुभव और वैज्ञानिक सोच के आधार पर विकसित की गई परंपराओं, रीति- रिवाजों और मान्यताओं के अनुरूप व्यवहार करते हुए भारत की सनातन संस्कृति के मूल्यों से भारत के वर्तमान को सिंचित करना होगा। इस अवसर पर सुनीता बेनीवाल, सुभाष चंद्र, वंदना कुमारी, योगेंद्र कुमार, रविकांत मीणा तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# पालिका बोर्ड बैठक को लेकर खींचतान, चेयरमैन पर ईओ का पलटवार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी की ओर से बुधवार को 23 जनवरी को पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर की गई प्रेस वार्ता पर गुरुवार को अधिशासी अधिकारी जैकीराम गोयल ने कड़ा पलटवार किया है। ईओ गोयल ने जारी लिखित वक्तव्य में बैठक आहूत करने के अधिकारों को लेकर स्थिति स्पष्ट की। ईओ गोयल ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष द्वारा स्वयं के हस्ताक्षर से 23.01.2026 को साधारण सभा आयोजित करने तथा बैठक की व्यवस्था करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं, जबकि उनकी ओर से उक्त तिथि को किसी भी प्रकार की बैठक का आयोजन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका बैठक नियम 2010 के नियम 03 के अंतर्गत मण्डल बैठक आहूत करना व मण्डल सदस्यों को सूचना प्रदान करना अधिशासी अधिकारी के क्षेत्राधिकार में आता है। ईओ के अनुसार नगर पालिकाध्यक्ष को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 48 एवं 51 के तहत बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार है, लेकिन स्वयं के हस्ताक्षरों से बैठक आहूत करना व पार्षदों को बैठक की सूचना जारी करना अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। कार्यालयीन पत्राचार मुख्य नगरपालिका अधिकारी या उनकी ओर से अधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जाता है, न कि अध्यक्ष द्वारा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से 23.01.2026 को कोई भी साधारण सभा आहूत नहीं की गई है। ईओ के इस बयान के बाद नगर पालिका में बोर्ड बैठक को लेकर विवाद और गहरा गया है, जिससे नगर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

## मण्डावा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शांतिकुन्ज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार मण्डावा शाखा की ओर से शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य व गायत्री माता जी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री महायज्ञ का आयोजन ढाढ़णिया स्कूल के निकट कालोया - भवन प्रांगण में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा। शुक्रवार को सुबह 10 बजे सरस्वती पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा, यह जानकारी आलोक कालोया ने दी।

# नीमकाथाना की माता भगवती वाटिका का हरिद्वार में विशेष उल्लेख

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष-2026 के अवसर पर हरिद्वार स्थित वैरागी दीप में आयोजित भव्य समारोह में नीमकाथाना का नाम विशेष रूप से गौरव के साथ लिया गया। बुधवार को हुए इस आयोजन में जूना गढ़ अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योगाचार्य बाबा रामदेव मंचासीन रहे। समारोह में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने अपने उद्बोधन के दौरान राजस्थान के नीमकाथाना शक्तिपीठ में संपन्न 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ (25 से 28 दिसंबर) का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के क्रम में 27 दिसंबर को परम पूज्य भैया जी के पावन सान्निध्य में भगवती देवी शर्मा वाटिका' का उद्घाटन नीमकाथाना में संपन्न हुआ। डॉ. पंड्या ने मंच से कहा कि माता भगवती वाटिका का सर्वप्रथम उद्घाटन नीमकाथाना में होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इसे देव संस्कृति के विस्तार की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बताते हुए कहा कि इसी प्रकार की वाटिकाएं देश के सभी 766 जिलों में स्थापित किए जाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने नीमकाथाना क्षेत्र के समस्त भाई-बहनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके आध्यात्मिक योगदान की सराहना की।

## ब्लॉक स्तरीय साक्षरता प्रभारियों के प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** डी पी एस डुंडलोद में कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ की तरफ से नवलगढ़ ब्लॉक का नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा अशोक कुमार शर्मा , अध्यक्षता नवलगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आत्माराम रहे। विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी झुंझुनू योगेंद्र सिंह, डीपीएस स्कूल के निदेशक बीएल रणवा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ कुलदीप पूनिया, आर पी अशोक कुमार सैनी, ब्लॉक साक्षरता प्रभारी नवलगढ़ मुरारीलाल माली रहे, राजकीय अस्पताल नवलगढ़ से स्वास्थ्य विशेषज्ञ विनोद कुमार चावला, मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार रामूका मूलचंद मुंड रहे।कार्यक्रम की शुरआत राष्ट्रगीत वन्देमातरम के साथ, सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार की ओर से पूरे भारत में 15 वर्ष तथा उससे ऊपर आयु ऊपर वाले उन व्यक्तियों को साक्षर बनाना जिन्हें औपचारिक स्कूलिंग का अवसर नहीं मिला, साक्षरता में डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता, मीडिया साक्षरता के बारे में भी जानकारी दी गई। संभागियो के रूप में नवलगढ़ ब्लॉक के पी ई ई ओ व ग्राम पंचायत साक्षरता प्रभारी, विद्यालय साक्षरता प्रभारीयो ने भाग लिया। प्रशिक्षण में राय सिंह महला, आशा टाक, पीरामल दायमा, मुकेश कुमार, पूर्व ब्लाक साक्षरता प्रभारी शब्बीर अहमद, विनोद कुमार लोहिया आदि भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के सभी सत्रों का संचालन आरपी अशोक कुमार सैनी ने किया।